दैनिक नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

www.navpradesh.com | बिलासपुर, शनिवार 28 नवम्बर 2020, कार्तिक शुक्ल पक्ष-त्रयोदशी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-06 अंक-224 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए | छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

वाकई यह बात सही है कि भारत में अधिकांश अधिकारी और कर्मचारी काम न करने का वेतन लेते हैं और काम करने की रिश्वत लेते हैं। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक एशिया में भारत रिश्वतखोरी के मामले में पहले नंबर पर पहुंच गया है। वहीं विश्व के सर्वाधिक भ्रष्ट 180 देशों की सूची में भारत 80वें स्थान पर है। यह स्थिति तब है जब हमारे पीएम का प्रण है कि न खाऊंगा ना खाने दूंगा। लगता है भ्रष्टाचारी अभी भी दबाकर खा रहे हैं और खाओ और खाने दो की नीति का ईमानदारी से पालन कर रहे हैं।

रूसी डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट फंड (आरडीआईएफ) और हैदराबाद स्थित दवा कंपनी हेरेतो बायोफार्मा के बीच हुआ करार

रूसी कोरोना वैक्सीन की 10 करोड़ खुराक बनेगी भारत में

नई दिल्ली/ए. (वार्ता)। रूस में विकसित कोरोना वायरस कोविड-19 की वैक्सीन 'स्पूतनिक वी' की 10 करोड़ से अधिक खुराक भारत में तैयार की जायेगी और अगले साल जनवरी से इसका निर्माण शुरू किये जाने की संभावना है। रूस डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट फंड (आरडीआईएफ) और हैदराबाद स्थित दवा कंपनी हेरेतो बायोफार्मा के बीच इस संबंध में करार हुआ है। हेरेतो के निदेशक बी मुरली कृष्ण रेड्डी ने शुक्रवार को कहा, 'हमें कोविड-19 के उपचार के लिए बहुप्रतीक्षित स्पूतनिक वी वैक्सीन के निर्माण के लिए आरडीआईएफ के साथ साझेदारी करने की खुशी है। हम वैक्सीन के भारत में जारी क्लीनिकल परीक्षण के परिणाम का इंतजार कर रहे हैं और हमारा माननाहै क कि स्थानीय स्तर पर वैक्सीन को तैयार करने से मरीजों तक इसकी पहुंच आसान होती है।

सकारात्मक रहे तीसरे चरण के मानव परीक्षण के नतीजे

गौरतलब है कि आरडीआईएफ ने रूस में स्पूतनिक वी वैक्सीन के तीसरे चरण के मानव परीक्षण के परिणाम 24 नवंबर को घोषित किया । यह परीक्षण 40,000 वॉलंटियर पर किया गया और वैक्सीन का परिणाम सकारात्मक रहा। भारत में स्पूतनिक वी का दूसरे और तीसरे चरण का मानव परीक्षण किया जा रहा है। इसके अलावा वेनेजुएला, बेलारूस ■ शेष पृष्ठ 6 पर

वैक्सीन बना रही तीन कंपनियों का आज दौरा करेंगे पीएम मोदी

नई दिल्ली/ए.। देशभर में कोरोना वैक्सीन का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है और इसका विकास किस चरण तक पहुंचा है और यह कब तक बाजार में आ जाएगी इसकी जानकारी लेने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद शनिवार को ये वैक्सीन बनाने वाली तीन कंपनियों का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया है कि मोदी वैक्सीन बनाने वाली अहमदाबाद स्थित जायडस बायोटैक पार्क, हैदराबाद स्थित भारत बायोटैक और पुणे स्थित सीरम इन्सटीट्यूट ऑफइंडिया का दौरा करेंगे। इससे प्रधानमंत्री ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आंसू गैस के गोलों व वाटर कैनन के बावजूद अपनी मांग पर अड़े किसानों के रुख से नर्म पड़ी सरकार

पहले धुएं का गुबार-पानी की बौछार, फिर मिली किसानों को दिल्ली एंट्री की इजाजत

■ बुराड़ी इलाके में निरंकारी समागम मैदान पर प्रदर्शन की अनुमति

■ तीन राज्यों की पुलिस ने 8 बार की नाकेबंदी पर दिल्ली कूच से नहीं रुके किसान

नई दिल्ली/ए.। किसानों ने अपने कड़े रुख से आखिरकार केंद्र सरकार को अपनी बात सुनने को मजबूर कर दिया। केंद्र के तीन नए कृषि कानूनों के खिलाफ 'दिल्ली चलो' मार्च के तहत राष्ट्रीय राजधानी की ओर बढ़ कर रहे किसानों को आखिर दिल्ली में दाखिल होने की इजाजत दे दी गई। इन्हें बुराड़ी इलाके में निरंकारी समागम मैदान पर प्रदर्शन की मंजूरी मिल गई है। दिल्ली पुलिस कमिश्नर ने इसकी पुष्टि की है। पंजाब के किसानों के संगठनों ने भी बताया कि केंद्र सरकार ने उन्हें दिल्ली में दाखिल होने और बुराड़ी मैदान में प्रदर्शन करने की मंजूरी दे चुकी है। क्रांतिकारी किसान यूनियन के अध्यक्ष दर्शन पाल ने कहा, 'हमें दिल्ली में दाखिल होने की अनुमति मिली हुई है।' शुक्रवार को इससे पहले दिल्ली-हरियाणा सिंघू बॉर्डर पर प्रदर्शनकारी किसानों को ■ शेष पृष्ठ 6 पर

तीन लेयर में बैरिकेडिंग

सिंघु बॉर्डर पर दिल्ली पुलिस ने तीन लेयर में बैरिकेडिंग कर रखी थी। सबसे आगे कंटीले तार थे। फिर ट्रकों को बैरिकेड की तरह लगाया गया। आखिर में वॉटर कैनन तैनात थी। इतने इंतजाम भी किसानों को नहीं रोक पाए। पंजाब-हरियाणा बॉर्डर से दिल्ली बॉर्डर तक तीन राज्यों (दिल्ली, हरियाणा और पंजाब) की पुलिस ने 8 बार बड़ी नाकेबंदी कर किसानों को रोकने की कोशिश की, लेकिन किसान हर बार ट्रैक्टर के सहारे आगे बढ़ते गए। किसानों को रोकने के लिए पुलिस ने यहां आंसू गैस छोड़े। इससे उग्र किसानों ने पुलिस पर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पुलिस ने सड़कें खोदी फिर भी आगे बढ़े

किसानों को रोकने के लिए पुलिस ने कई जगह सड़कें खोद दी थी, लेकिन फिर भी किसान आगे बढ़ते गए। किसान खेतों के सहारे अपना रास्ता बनाते गए। पुलिस और किसानों के बीच लगातार दूसरे दिन बड़ा टकराव पानीपत में भी हुआ। बड़ी तादाद में किसान बैरिकेडिंग तोड़ते हुए दिल्ली की तरफ आगे बढ़ गए। पीछे-पीछे पंजाब के किसान भी थे। इनकी हरियाणा पुलिस से झड़प होती रही। पानीपत के सेक्टर-29 ■ शेष पृष्ठ 6 पर

टीकरी बॉर्डर पर हुई झड़प

वहीं टीकरी बॉर्डर पर किसानों की पुलिस से झड़प हो गई और उन्होंने अवरोधक के तौर पर लगाए ट्रक को जंजीरों (चैन) के जरिए ट्रैक्टर से बांध वहां से हटाने की कोशिश की। पंजाब से दिल्ली आने के सीधे मार्ग सिंघु बॉर्डर पर किसानों को राष्ट्रीय राजधानी में दाखिल होने से रोकने के लिए कई तरह के अवरोधक लगाए गए थे। सीमावर्ती इलाकों में प्रदर्शनकारियों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने के लिए सुरक्षा कर्मी ड्रोन का इस्तेमाल भी कर रहे हैं।

यातायात प्रभावित

प्रदर्शन के कारण शहर के कई इलाकों में यातायात भी प्रभावित हुआ है। राष्ट्रीय राजधानी सीमाओं से लगे कई स्थानों पर यातायात का मार्ग बदल दिया गया है। दिल्ली-गुड़गांव सीमा पर वाहनों की तलाशी भी बढ़ा दी गई है, जिससे वहां

जाम लग गया है। दिल्ली-गुड़गांव सीमा पर सीआईएसएफके कर्मियों को भी तैनात किया ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सत्ता में आने पर किसान विरोधी तीनों कानून फाड़ देंगे : सोनिया-राहुल

नई दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने किसान आंदोलन का समर्थन करते हुए कहा है कि केंद्र की सत्ता में आने पर हाल में पारित किसान विरोधी तीनों कानूनों को फाड़ कर रद्दी की टोकरी में डाल देंगे। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख रणदीप सिंह सुरजेवाला ने शुक्रवार को यहां पत्रकारों से कहा कि श्रीमती गांधी और राहुल गांधी ने वादा किया है कि कांग्रेस जब केंद्र की सत्ता सम्भालेगी तो वह सबसे पहले किसान विरोधी इन तीनो कानूनों को खत्म करेगी।

पानी की बौछारों और सड़कें खोद कर किसानों को रोकना गलत : प्रियंका

नयी दिल्ली/ (वार्ता) कांग्रेस महासचिव

प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि सरकार को न्यूनतम समर्थन मूल्य-एमएसपी को नए कृषि कानून का हिस्सा बनाने की मांग को लेकर दिल्ली आ रहे किसानों की आवाज दबाने की बजाय उनकी बात सुननी चाहिए। पार्टी की उत्तर प्रदेश की प्रभारी महासचिव ने कहा कि किसान पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश से ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक में शामिल हुए मुख्यमंत्री भूपेश

नव-प्रदेश संवादाता

रायपुर। शुक्रवार को कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक हुई। दोपहर को शुरु हुई इस वर्चुवल बैठक में विशेष आमंत्रित सदस्य के बतौर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी हिस्सा लिया। वर्किंग कमेटी के सभी सदस्यों की उपस्थिति में वरिष्ठ नेता अहमद पटेल को श्रध्दांजलि भी दी गई। बैठक में पार्टी के क्रिया कलापों और राष्ट्रीय मुद्दों पर भी चर्चा हुई। बैठक में उपस्थित समस्त सदस्यों ने सोनिया गांधी और राहुल गांधी के प्रति अपनी आस्था के साथ विश्वास जताया। बता दें कि चंद रोज पहले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गुलाम नबी आजाद एवं कपिल सिब्बल व्दारा उठाए सवालों और बयानों का प्रभाव था कि गांधी परिवार के प्रति सदस्यों ने अपनी आस्था जताई।



क्विक एक्शन की बात

बैठक में सदस्यों व्दारा पार्टी के लिए विवादित बयानों को सिरे से खारिज करते हुए ऐसा करने वालों पर क्विक एक्शन की भी बात ■ शेष पृष्ठ 6 पर

त्रिस्तरीय समिति करेगी धान खरीदी की निगरानी

राज्य में 1 दिसंबर से प्रारंभ होने वाले धान खरीदी के लिए कांग्रेस की त्रिस्तरीय समिति विशेष निगरानी करेगी। राज्य के समस्त सोसायटी, धान खरीदी केन्द्रों के माध्यम से 2500 रुपये प्रति क्विंटल की दर पर धान खरीदी करने जा रही है। कांग्रेस ने सभी जिला कांग्रेस कमेटियों को परिपत्र जारी करते हुए निर्देशित किया है कि कहा है कि देश में 2500 रुपये प्रति क्विंटल धान खरीदने वाला छत्तीसगढ़ एक ■ शेष पृष्ठ 6 पर

खास- खबर

मिग-29 का विमान दुर्घटनाग्रस्त, पायलट लापता

नई दिल्ली/ (वार्ता)। नौसेना का एक प्रशिक्षु मिग-29 लड़ाकू विमान गुरूवार शाम को अरब सागर के उपर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान के एक पायलट को बचा लिया गया है जबकि दूसरे का पता लगाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। नौसेना के प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि यह विमान गुरूवार शाम पांच बजे उस समय दुर्घटनाग्रस्त हुआ जब यह गोवा के निकट अरब सागर के उपर उड रहा था।

ममता मंत्रिमंडल से शुभेंदु अधिकारी का इस्तीफा

कोलकाता/ए.। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले ममता सरकार को बड़ा झटका लगा है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खास माने जाने वाले तृणमूल कांग्रेस के ताकतवर नेता शुभेंदु अधिकारी ने नाराजगी की खबरों के बीच परिवहन मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। इससे टीएमसी से उनकी बगावत की अटकलों को मजबूती मिली है। इससे एक दिन पहले ही उन्होंने हुगली रिवर ब्रिज कमीशन चेयरमैन पद से इस्तीफा दिया था। हालांकि, अभी तक उन्होंने पार्टी से इस्तीफा नहीं दिया है।

महबूबा, इल्तिजा फिर हुई नजरबंद

श्रीनगर/ (वार्ता)। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) अध्यक्ष एवं जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती और उनकी पुत्री इल्तिजा मुफ्ती को शुक्रवार को यहां उनके गुपकार आवास पर नजरबंद कर दिया गया। महबूबा ने कहा कि उन्हें फिर गैरकानूनी रूप से हिरासत में लिया गया है।

शेयर बाजार

सेंसेक्स- 44149.72
निफ्टी- 12968.95
गोल्ड- 48587 (10 ग्रा.)
सिल्वर-59791 (1 कि ग्रा.)

मानव तस्करी का आरोप भाजपा से निष्कासित

■ आरोपी गंगा पाण्डेय के साथ ही पति पर भी संदेह

नव-प्रदेश संवादाता

रायपुर। मानव तस्करी के मामले में पकड़े गए 4 आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने रायपुर से 36 वर्षीय महिला गंगा पांडेय को गिरफ्तार किया है, आरोपी महिला गंगा ने ही पीड़िता वंदना जैन और उसके 4 वर्षीय बेटे समेत आरोपियों को फ्लाइट से दिल्ली और वहां से हरियाणा पहुंचाया था। पुलिस गंगा से पूछताछ कर रही है, मामले में गंगा का पति सहदेव पांडेय भी शामिल है। इस बात की भी चर्चा है कि उक्त आरोपी महिला भाजपा की सक्रिय सदस्य रही है लेकिन अब उसे पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित कर दिया गया है। प्रदेश में मानव तस्करों का एक गिरोह काम कर रहा है। इनकी जड़ें प्रदेश के अलावा दिल्ली ,हरियाणा,राजस्थान समेत देश के कई राज्यों तक फैली हुईं हैं। पुलिस अभी गिरफ्तार किए गए आरोपी से राज उगलवाने में लगी है। पुलिस की तीन टीमें अलग-अलग स्थानों पर छापामार कार्रवाई कर रही हैं। आपको बता दें की शहर की 30 वर्षीय महिला वंदना जैन और उसके चार वर्षीय बेटे को नशीली चीज खिलाकर उन्हें किडनैप कर दिल्ली फिर हरियाणा ले जाकर बेच दिया गया, पीड़िता वंदना जैन ने किसी तरह अपहरणकर्ताओं से पीछा छुड़ाकर हरियाणा पुलिस तक पहुंची, जिससे इस गिरोह का भांडाफोड़ हुआ।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकों के हुए तबादले

रायपुर (नव प्रदेश)। गृह विभाग ने राज्य के पांच अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकों के शुक्रवार को तबादला आदेश जारी किए हैं। जिन पांच पुलिस अफसरों के तबादले किए गए हैं उनमें सचिन्द्र चौबे, कमलेश्वर प्रसाद चंदेल, नीरज कुमार चंद्रकार, जयंत वैष्णव व ऋचा मिश्रा शामिल हैं। गृह विभाग द्वारा जारी किए गए आदेशनुसार सचिन्द्र चौबे को उप वाहिनी 3 री छसबल अमलेश्वर दुर्ग से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (आप्स) सकुमा, कमलेश्वर प्रसाद चंदेल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को मुंगेली से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रेडियो भिलाई, नीरज कुमार चंद्रकार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को मुख्यालय रायपुर से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नारायणपुर, जयंत वैष्णव अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को नारायणपुर से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय रायपुर तथा ऋचाा मिश्रा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गुजरात : कोविड अस्पताल में आग, पांच की मौत, 28 झुलसे

राजकोट/(वार्ता)। गुजरात में राजकोट शहर के मालविया नगर क्षेत्र में गुरुवार मध्यरात्रि को एक कोविड अस्पताल में लगी भीषण आग में पांच लोगों की मौत हो गयी तथा अन्य 28 झुलस गये। थाना प्रभारी के. एन. भुकान ने बताया कि आनंद बंगला चौक के निकट स्थित तीन मंजिला उदय शिवानंद कोविड सेंटर नामके अस्पताल की पहली मंजिल पर अचानक आग लग गयी। अस्पताल में कुल 33 मरीज भर्ती थे। हादसे में आईसीयू में भर्ती 11 मरीजों में से पांच लोगों की मौत हो गयी जबकि अन्य आईसीयू के छह मरीजों सहित 28 लोग झुलस गए। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

अग्निकांड का सुप्रीम कोर्ट ने लिया स्वतः संज्ञान, रिपोर्ट तलब

नई दिल्ली (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने गुजरात के राजकोट स्थित एक कोविड अस्पताल में आग लगने की घटना का स्वतः संज्ञान लेते हुए केंद्र सरकार और गुजरात सरकार से शुक्रवार को जवाब तलब किया। न्यायमूर्ति अशोक भूषण, न्यायमूर्ति आर सुभाष रेड्डी और न्यायमूर्ति एम आर शाह की खंडपीठ ने कोविड से संबंधित मामलों की सुनवाई करते हुए राजकोट की घटना का स्वतः संज्ञान लिया।

दो टूक | **महाराष्ट्र में महागठबंधन सरकार के एक साल पूरे होने पर बोले मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे**

हम पर ज्यादा हावी हुए तो हाथ धोकर पीछे पड़ जाऊंगा

मुंबई/ए.। अभी तो सिर्फ हाथ धो रहा हूं, ज्यादा हावी हुए तो हाथ धोकर पीछे पीड़ जाऊंगा। कुल लोगों को मस्तिष्क का विका हुआ है, उनका इलाज करना पड़ेगा। मराठी आदमी को गाड़कर उसके ऊपर कोई नाच नहीं सकता। आपको भी परिवार व बच्चे है। आप कोई धोए हुए चावल नहीं है। आपकी खिचड़ी कैसी पकानी है, हम पका सकते हैं। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री ने उद्धव ठाकरे ने इन सीधे शब्दों में भाजपा को अपने रुख के स्पष्ट संकेत दे दिए है। उन्होंने ये बातें महागठबंधन सरकार के एक साल पूरे होने के मौके पर 'सामना' को दिए इंटरव्यू में कही हैं। उद्धव ठाकरे का ये इंटरव्यू सामना के संपादक तथा शिवसेना नेता संजय राऊत ने लिया है।

हमारे लोगों पर हमले, ये प्रवृत्ति महाराष्ट्र की नहीं

उद्धव ने आगे कहा- मैं शांत हूं। संयमी हूं। इसका नामर्द नहीं है। जिस तरीके से हमारे लोंगों के परिजनों पर हमले शुरू हुए हैं, यह प्रवृत्ति महाराष्ट्र की नहीं हो सकती। एक संस्कृति है। हिंदुत्ववादी कहने पर एक संस्कृति है और यदि वे हमारे परिवार व बच्चों तक आने वाले होंगे तो मैं उन्हें साफ कर देना चाहता हूं कि उनका भी परिवार व बच्चे हैं।

आप एक बदला निकालोगे तो हम 10 निकालेंगे

आप सीबीआई का दुरुपयोग करने लगे तो ऐसी नकेल कसनी ही पड़ती है।ईडी क्या है, सीबीआई क्या है, इन पर राज्य का अधिकार नहीं है। हम नाम देते हैं।हमारे पास नाम हैं। मालमसाला तैयार है। लेकिन क्या बदले की भावना से आगे बढ़ना होगा क्या? फिर जनता को आपसे क्या अपेक्षा करनी चाहिए। यदि बदले की भावना से ही व्यवहार करना है तो आप एक बदला निकालो, हम दस बदले निकालेंगे।

संजय राऊत ने पूछा था ये सवाल

ये बातें सीएम उद्धव ठाकरे ने संजय राऊत के उस सवाल के जवाब में कही जिसमें उन्होंने कहा कि ईडी जैसी संस्था जो केंद्र के हाथ में है, उसका उपयोग मागठबंधन सरकार के विधायकों पर छापे मारकर दबाव की राजनीति के लिए किया जा रहा है। ताकि विधायक घुटने टेक दे।

ईडी कर चुकी छापामार कार्रवाई

गौरतलब है कि बीते दिनों ईडी ने कथित धनशोधन मामले में शिवसेना विधायक प्रताप सरनाइक के ठिकानों पर छापामार कार्रवाई की थी। सरनाइक के बेटे विंहग को पूछताछ के लिए मंगलवार को प्रतर्वन निदेशालय (ईडी) के कार्यालय भी ले जाया गया था।

कंगना के बंगले को तोड़ने का बीएमसी का आदेश रद्द

मुंबई/ (वार्ता)। बॉम्बे उच्च न्यायालय ने बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत के बंगले को तोड़ने के बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के आदेश को शुक्रवार को रद्द कर दिया।न्यायमूर्ति एस जे कथावाला और आर आई चागला की पीठ ने आज अपने आदेश में कहा कि बीएमसी का यह कदम प्रतिक्रियात्मक था। कंगना ने बॉम्बे उच्च न्यायालय के इस फैसले की सराहना करते हुये कहा कि यह लोकतंत्र की जीत है। उन्होंने ट्वीट किया, 'जब कोई व्यक्ति सरकार के खिलाफ खड़ा होता है और जीत जाता है तो यह किसी व्यक्ति की विजय नहीं होती बल्कि लोकतंत्र की जीत होती है। मुझे हिम्मत देने वाले सभी लोगों को धन्यवाद। मेरे टूटे सपने पर हंसने वाले लोगों को भी धन्यवाद। अगर आप खलनायक की भूमिका निभाएंगे तो मैं भी एक हीरो हो सकती हूं।' बीएमसी ने नौ सितंबर को यहां कंगना के बंगले में बने ऑफिस के एक हिस्से को अवैध बताते हुए तोड़ दिया था। इसके बाद 33 वर्षीय अभिनेत्री ने बीएमसी की तरफ से जारी नोटिस को चुनौती देते हुये उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी।

न्यूज गैलरी

संविधान दिवस में कलेक्टर ने अधिकारियों-कर्मचारियों को संविधान के प्रति निष्ठा की दिलायी शपथ

मुंगेली। संविधान दिवस के अवसर पर कलेक्टर पी एस एल्मा ने कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभा कक्ष में प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों को संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ दिलायी। उन्होंने इस मौके पर संविधान में प्रदत्त अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। कलेक्टर ने कहा कि भारतीय संविधान में सामाजिक, आर्थिक न्याय, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म एवं समता आदि के अधिकार प्रदान किए गए हैं। कलेक्टर ने कहा कि हमें राष्ट्र की एकता एवं अखंडता सुनिश्चित करने के लिए कटिबद्ध रहना चाहिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर राजेश नशीने, डिप्टी कलेक्टर द्वय रजनी भगत, निकिता मरकाम, सहित जिला कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारियों ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना (उद्देशिका) का पठन किया।

नवीनीकृत रेल संस्कृति निकेतन भवन का विधिवत शुभारंभ

बिलासपुर। बिलासपुर रेलवे प्रशासन द्वारा रेलवे कर्मचारियों व उनके परिजनों की सांस्कृतिक गतिविधियों के आयोजन हेतु रेल संस्कृति निकेतन भवन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इस भवन में हाल, मंच, कमरे, किचन, बाथरूम सहित सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। मंडल रेल प्रशासन द्वारा इस भवन में उपलब्ध सुविधाओं को और बेहतर बनाने तथा सौंदर्यीकरण करने के उद्देश्य से इसे नवीनीकृत किया गया है। नवीनीकृत के अंतर्गत इस भवन में 02 नये वातानुकुलित कमरे, 02 नये बाथरूम व टायलेट तथा किचन का निर्माण, दिव्यांग की विशेष सुविधा हेतु प्रवेश द्वार में रैम्प तथा दीवारों में चेकस टाइल्स लगाकर सौंदर्यीकरण जैसे अनेक कार्य कराये गये तथा कार्य पूरा होने के पश्चात् आज दिनांक 27 नवम्बर 2020 को प्रातः 12 बजे इसका विधिवत शुभारंभ किया गया। मंडल रेल प्रशासन द्वारा अभिनव पहल करते हुए मंडल रेल प्रबंधक श्री आलोक सहाय की उपस्थिति में इंजीनियरिंग विभाग के सेवानिवृत कर्मचारी ट्रेक मेंटेनर पी.के.भौमिक के करकमलों से रिबन कटवाकर इस भवन का विधिवत शुभारंभ कराया गया। इस अवसर पर वरि.मंडल कार्मिक अधिकारी उदय भारती, मंडल वित्त प्रबंधक डॉ. वैभव मालवीय, मंडल कार्मिक अधिकारी ए व्ही एस नेहरू, वरिष्ठ सहायक मंडल अभियंता सुरेश चंद्रा, मजदूर कांग्रेस के मंडल समन्वयक बी.कृष्ण कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

नाली निर्माण का भूमिपूजन

बिलासपुर । सिरगिट्टी मुक्तिधाम से लेकर बजरंग चौक आवास पारा तब ग्यारह सौ मीटर सड़क व नाली निर्माण पीडब्ल्यूडी द्वारा किया जाना है इसके लिए एक करोड़ 97 लाख रुपए नाबार्ड द्वारा पास किया गया भूमि पूजन में प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष अटल श्रीवास्तव जी बिल्हा छाया विधायक राजेंद्र शुक्ला नगर निगम महापौर रामशरण यादव नगर निगम सभापति शेख नसरुद्दीन व नगर निगम के एम आई सी व वार्ड पार्षद पुष्पेंद्र साहू राजेश शुक्ला अजय यादव पार्षद सूरज मरकाम रवि साहू साई भास्कर भरत जुरयानी वरिष्ठ कांग्रेसी में पवन साहू गणेश मिर्जा रामगोपाल मिर्जा पूर्व पार्षद नरेंद्र सोनवानी रामकिशोर मिर्जा आनंद प्रसाद शैलेश सेंगर संदीप विश्वकर्मा दीपक मिश्रा रवि डहरे सोम पांडे अरुण नथानी रामु राव अभिषेक वर्मा कालीचरण अजय वर्मा आदि उपस्थित रहे

स्कूल फीस के खिलाफ अभिभावकों की अपील, हाईकोर्ट में अगली सुनवाई 2 हफ्ते बाद

बिलासपुर । हाईकोर्ट ने निजी स्कूल एसोसिएशन के द्वारा फीस वसूली के लिए दायर याचिका पर आए सिंगल बेंच के आदेश के खिलाफ अभिभावकों की अपील को सुनवाई के लिए स्वीकार कर लिया है। मामले की अगली सुनवाई 2 सप्ताह बाद होगी। मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस पीआर रामचंद्र मेनन व जस्टिस पीपी साहू की बेंच में हुई। अभिभावकों ने बिलासपुर प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट के खिलाफ 7 रिट अपील प्रस्तुत की है। इसमें बताया कि सिंगल बेंच के आदेश को तोड़मरोड़ कर फीस के लिए दबाव बनाया जा रहा है। जबकि सितंबर में शासन ने फीस विनियामक आयोग बना दिया है। जिसमें राज्य, जिला और स्कूल स्तरीय कमेटी फीस का निर्धारण करेगी। याचिका में यह भी बताया गया कि कोरोना काल के लॉकडाउन से ही स्कूल बंद हैं। प्रदेशभर के निजी स्कूल संचालकों ने मनमानी फीस वसूली की है। इसके खिलाफ अभिभावकों ने मोर्चा खोल रखा है। स्कूल संचालकों की ओर से फीस वसूली के लिए अभिभावकों पर दबाव बनाया जा रहा है। अभिभावक संघ ने इसका विरोध कर फीस नहीं पटाया। जिसमें कहा गया कि हम फीस देने के खिलाफ नहीं हैं पर लॉकडाउन की स्थिति में सिर्फ ट्यूशन फीस ली जाए, इसके अलावा अन्य फीस वसूल न किया जाए। इसके खिलाफ निजी स्कूल संचालकों के एसोसिएशन ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की। मामले की सुनवाई के बाद सिंगल बेंच ने स्कूल संचालकों को नियमानुसार फीस लेने छूट दी। इसके बाद भी स्कूलों ने गलत ढंग से आदेश को तोड़मरोड़कर फीस वसूल रहे हैं। मामले की सुनवाई करते हुए डिवीजन बेंच ने गुरुवार को सभी सात रिट अपील को सुनने के लिए स्वीकार कर लिया है। जिसकी पूर्व में दायर एक अन्य याचिका के साथ जोड़कर 2 सप्ताह के बाद सुनवाई की जाएगी।

निवार तूफान का व्यापक असर जिले में दिखा, पूरे दिन छाई रही बदली

शाम को हुई मध्यम बारिश, निवार तूफान का असर दो दिनों तक रहेगा जिसके चलते दूसरे दिन भी बारिश होने की संभावना बनी हुई है

मुंगेली। निवार तूफान का व्यापक असर छत्तीसगढ़ में भी देखने को मिल रहा है। तूफान के चलते पूरे प्रदेश में बदली छाई हुई है। मौसम विभाग ने तूफान के असर को देखते हुए अलर्ट जारी किया है। मुंगेली जिले में सुबह से बदली छाई रही और सूर्य के दर्शन कुछ क्षणों के लिए हुआ लेकिन सूर्य के गर्मी का तनीक भी एहसास नही हुआ। पूरे दिन भर बदली छाई रही। शाम को लगभग आधे घंटे के लिए मध्यम बारिश हुई और मौसम में नमी छा गई। जिसके चलते मौसम का मिजाज बदला और ठंड में कमी आयी और तापमान बढ़कर 23 सेन्टीग्रेट पहुच गया। शाम के बाद घनी बदली छाई हुई है और रात में बारिश की संभावना बनी हुई है। मौसम विज्ञान के अनुसार निवार तूफान के चलते प्रदेश में दो दिनों तक इसका असर दिखेगा। 28 नवम्बर के पश्चात मौसम सामान्य होगा। जिसके चलते 26 को बारिश हुई 27 नवम्बर को मौसम का मिजाज बदला रहेगा और बारिश होने का संभावना जताई जा रही है। निवार के प्रभाव के चलते मौसम से आये बदलाव से किसान से किसान परेशान है इस बार माह अक्टूबर तक लगातार बारिश का मौसम रहने से जहां किसानो को खरीफ फसल में नुकसान झेलना पड़ा है। वहीं नवम्बर में भी बारिश ने दस्तक देकर किसानों की चिंता को बढ़ा दी है। रबी का फसल भी बारिश का भेंट न चढ़ जाय। इधर धान खरीदी अभी तक आरंभ नही हुआ है 1 दिसम्बर से धान की खरीदी होनी है धान के खरीदी को लेकर किसान पहले से ही परेशान कि धान के मिसाई हो जाने के बाद भी उन्हें धान बेचने के लिए इतिजार करना पड़ रहा है। किसानों को आर्थिक आवश्यकता के चलते बिचैलियों को धान बेचने के लिए किसान विवश है। इधर सरकार दावा करती है कि किसानों का धान शासन खरीदेगी बिचैलियों के पास जाना नही पड़ेगा। लेकिन किसानों के पास इतनी सक्षमता नही है कि वे ज्यादा दिन वे धान रोक सके उनकी आर्थिक आवश्यकता उन्हें धान बेचने पर मजबूर कर देती है।

उपार्जन केन्द्रों तक नहीं पहुंचे बारदाने

- धान खरीदी की तैयारिया भी पूरी नही हुई फड़ नही बन पाये है कम्प्यूटर में माईूल फीड नही हो पाए
- टोकन 27 नवम्बर से जारी करने की बात कही जा रही है लेकिन उक्त आशय के निर्देश जानकारी उपार्जन केन्द्रों में अभी तक नही पहुच पायी है

करोना काल में नए बारदानों की बुनाई पर असर

कोरोना काल में मजदूरो की कमी के कारण बारदानों की बुनाई करने वाले मिल बंद हो गएं जिसका असर नए बारदानों की आपूर्ति में हुआ है। नया और पुराना मिला कर जिले में अब लगभग 19 हजार बारदाने उपलब्ध है। खरीदी कार्य को मूर्तरूप देने के लिए अब भी 6 लाख नये बारदानों की आवश्यकता है।

अन्यथा होगी जब्ती की कार्रवाई

जिला विपणन अधिकारी की माने तो पीडीएस दुकानों से जिन निजी व्यवसायी अथवा मिलर्स ने बारदानों की खरीदी की है। उनसे भी निर्धारित मूल्य में वापसी की मांग की गई है। समय रहते जमा नहीं कराया गया तो छापामार कार्रवाई की जाएगी जब्त बारदानों को धान खरीदी के लिये उपयोग में लाया जाएगा।

> धान खरीदी के लिये लगातार तैयारीयों का जायजा लिया जा रहा है जमीनी स्तर पर कार्यवाही ठीक करायी जा रही है एवं होने वाली असुविधाओं को दुर करने का प्रयास किया जा रहा है।
>
> **पी,एस,एल्मा, कलेक्टर मुंगेली**

मुंगेली। जिले में धान खरीदी को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारी प्रारंभ करने की जानकारी दी जा रही है। किन्तु जमीनी हकीकत कुछ और ही बंया कर रही है जिले में कुल 43 समितियॅा थी जिसमें 23 नवीन समितियों का गठन किया गया है धान खरीदी के लिये कुल 88 उपार्जन केन्द्र थे जिन्हे बढ़ाकर 89 उपार्जन केन्द्र बनाये गये है। जिनमें खरीदी करने के लिये प्रभारियों की नियुक्ति की जा रही है। नोडल अधिकारी की नियुक्ती कर दी गई है। धान खरीदी के पूर्व की तैयारीयों के लिये बारदाना प्रभारी चबूतरा निर्माण एवं 2 प्रतिशत राशि का इतंजाम भी किया जा रहा है। किन्तु राशि अभी तक उपार्जन केन्द्रों में नही पहुच पायी है जिसके चलते धान खरीदी केन्द्रों का फड़ अभी तक नही बन पाया है।

एक दिसंबर से धान खरीदी शुरू होनी है। जिसके लिये लगभग कुल 19 हजार गठान नये -पुराने मिलर्स एवं खाद्य विभाग मिलाकर बारदानों की आवश्यकता है जिला विपणन विभाग ने अबतक 4 हजार बारदानों का संग्रहण कर लिया है। संग्रहित बारदाने अभी तक उपार्जन केंद्रों में नहीं पहुंचे है। परिवहन के लिए विभाग ने निविदा आमंत्रित किया था लेकिन दर कम होने के कारण एक भी ट्रांसपोर्टर शामिल नहीं हुए। धान खरीदी शुरू होने से पहले समस्या खड़ी हो गई है। अभी तक बोरो की समस्या विद्यमान थी किन्तु अब टान्सपोर्टर नही मिलने की समस्या भी आन खड़ी है। समय पर पर्याप्त बारदाने नहीं पहुचे तो खरीदी कार्य भी प्रभावित होगी। समस्या निदान के लिये विपणन विभाग अब निजी वाहन चालकों के बारदाना आपूर्ति कराने की तैयारी में है। धान उपार्जन केंद्रों में बीते वर्ष की तरह नये के साथ पुराने बारदानों में धान खरीदारी होगी। विपणन और खाद्य विभाग को इसकी जिम्मेदारी दी गई है। पिछले तीन माह से बारदानों के संग्रहण का काम चल रहा है। धान खरीदी के लिये तैयारी मुकम्मल नही होने से समस्या उत्पन्न हो गई है। विपणन विभाग ने बारदानों का संग्रहण तो कर लिया है लेकिन अभी तक वह उपार्जन केन्द्र नही पहुचे है। निजी वाहन मालिकों के भरोसे बारदाना आपूर्ति में विभाग अपनी मर्जी के अनुसार काम नही करा सकता। इससे समय सीमा के भीतर बारदाना उपार्जन केंद्र तक पहुचाने में परेशानी होगी। जिले में उपार्जन केन्द्र तक पहुचाने में परेशानी होगी। जिले में 89 उपार्जन केन्द्र है। इनमें कुछ ऐसे केन्द्र है जहां 4 से पाच लाख क्विंटल धान खरीदी होती है। निर्धारित मांग के अनुसार बारदाना उपलब्ध नहीं कराए जाने के कारण किसानों को उपार्जन केंद्र बारदाने आने का इंतजार करना पड़ेगा। बेहतर मानसून की वजह से इस बाद बेहतर फसल उत्पादन की संभावना बनी है। बीते वर्ष की अपेक्षा किसानों की संख्याा में बढ़त होने से अधिक धान खरीदी की संभावना है। पर्याप्त बारदानों की आपूर्ति समय पर नही हुई तो खरीदी कार्य प्रभावित होगा।

कोविड-19 के नियमों के उल्लंघन पर लगाया गया 11500 रू. अर्थदण्ड

कोरबा। कोविड-19 के नियमों का उल्लंघन तथा निर्धारित प्रोटोकाल का पालन न करने वालों पर निगम द्वारा निरंतर अर्थदण्ड की कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में आज मास्क न लगाने व सोशल डिस्टेंसिंग का उल्लंघन करने वालों पर निगम के विभिन्न जोनांतर्गत 11500 रूपये का अर्थदण्ड लगाया गया। नोवल कोरोना वायरस के संक्रमण का खतरा लगातार बरकरार है तथा अभी भी प्रतिदिन काफी संख्या में कोरोना पाजिटिव मरीज मिल रहे हैं। जिला प्रशासन एवं नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा कोरोना वायरस के संक्रमण की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए लगातार जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं किन्तु लोगों द्वारा कोरोना वायरस के संक्रमण से बचने हेतु कोई गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है, वे बिना मास्क पहने घरों से बाहर निकलकर सार्वजनिक स्थानों पर पहुंच रहे हैं तथा कोविड-19 के प्रोटोकाल का पालन न करने से संक्रमण का और अधिक प्रसार होने की संभावना बढ़ रही है। नगर निगम के अमले द्वारा लगातार इस पर कार्यवाही की जा रही है तथा लोगों को कोविड-19 के प्रोटोकाल का पालन अनिवार्य रूप से करने की समझाईश देने के साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वालों पर अर्थदण्ड लगाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज मास्क न पहनने, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन न करने वालों पर कार्यवाही करते हुए निगम अमले ने 11500 रूपये का अर्थदण्ड लगाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार निगम के कोरबा जोनांतर्गत 1600 रूपये, टी.पी.नगर जोनांतर्गत 2000 रूपये, कोसाबाड़ी जोनांतर्गत 2000 रूपये, रविशंकर शुक्ल जोनांतर्गत 1600 रूपये, बालको जोनांतर्गत 1400 रूपये, दर्री जोनांतर्गत 1800 रूपये, बांकीमोंगरा जोनांतर्गत 400 रूपये तथा सर्वमंगला जोनांतर्गत 700 रूपये का अर्थदण्ड लगाया गया।

भू स्वामियों के खसरा नंबर बदल देने का हो रहा है खेल

बिलासपुर। राजस्व विभाग की लीला अपरम्पार है । पटवारी ,आर आई जो भी कर दे वह कम है । नामांतरण के प्रकरण में साल भर लग जाते है तो डायवर्सन भी कब होगा इसका कोई ठिकाना नहीं है अब तो पटवारियों द्वारा भू स्वामी की जानकारी के बगैर खसरा नंबर तक बदल दिया जा रहा है । तहसील आफिस में बिना लेनदेन के कोई काम ही नहीं होता ।

मस्तूरी ब्लाक के पटवारी हल्कों में किसान इन दोनों परेशान है। कारण पटवारियों के द्वारा रिकॉर्ड में की जा रही छेड़खानी है आमतौर पर किसान तभी अपना जमीन का विवरण निकालते हैं, जब उन्हें कुछ खास जरूरत होती है । अन्यथा ऋण पर्ची मे दर्ज विवरण को सही माना जाता है लिमतरा गांव में फेरहीन बाई की खसरा नंबर 565 में 5 एकड़ जमीन है, कृषक कभी भी अपनी जमीन नहीं बेची, और वह जमीन पर काबिज भी है , किंतु इन दिनों कंप्यूटर रिकॉर्ड के अनुसार उक्त जमीन सुरेश चंद्र पांडे गजानंद पांडे के नाम पर दर्ज है। फेरहीन बाई जब पता चला कि अब वह जमीन की मालकिन नहीं है तब वह पटवारी के पास गई। पटवारी रिकॉर्ड दुरुस्ती करण के नाम पर दस हजार रुपए की मांग करता है । पैसा नहीं मिल रहा तो विधिवत तहसील में प्रकरण दर्ज कराओ और रिकॉर्ड दुरुस्ती करण एक या दो दिन नहीं होता पूरी न्यायालयीन प्रक्रिया के बाद आदेश पारित होगा। इस तरह फेरहीन बाई अनावश्यक रूप से तहसील का चक्कर काटेगी ऐसे में यदि सुरेश चंद पांडे वास्तविकता में आ गया तो फेरहीन बाई को अपनी ही भूमि का मालिकाना हक सिद्ध करने के लिए अथक मेहनत पड़ेगी। दूसरा किस्सा पटवारी हल्का नंबर 24 का है, जिसमें खसरा नंबर 54 के बाद सीधा 57 दर्ज किया जाता है दो खसरा गायब होने से किसान की लगभग ढाई एकड़ जमीन गायब हो गई इतना ही नहीं किसान अपना ढाई एकड़ में लगा हुआ धान बेचने के योग्य नहीं बचा । पंजीकरण नहीं हो रहा है ऐसे में जवाबदारी किसकी मानी जाएगी पटवारी के कहे अनुसार खाते के रिकॉर्ड दुरुस्ती तहसीलदार का क्षेत्राधिकार है । अतः बिना न्यायालय में वाद लगाए रिकॉर्ड दुरुस्ती करण नहीं किया जा सकता। यदि यह सत्य है तो रिकॉर्ड से खसरा गायब कैसे हो जाते हैं उसके लिए तो कौन वाद लगता।

नरवा विकास योजना से मिली तरक्की की नई राह

- वेस्ट वियर के निर्माण से 105 किसानों को मिल रही है सिंचाई की सुविधा

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर । नरवा विकास कार्यक्रम छत्तीसगढ़ शासन की एक महती योजना है। प्रदेश सरकार की नरवा विकास परियोजना का कार्य जिले में तेजी से हो रहा है। इस परियोजना से जिले के किसानों के जीवन में अब बदलाव आने लगा है। किसानों को सिंचाई सुविधा मिलने के साथ ही उनके जीवन स्तर में भी सुधार आ रहा है।

विकासखंड मस्तूरी के ग्राम पंचायत केंवटाडीह के ग्राम गिनौरीडीह में भी किसानों को अब बरसात के पानी पर निर्भर रहने की आवश्यकता नहीं है। यहाँ मनरेगा से 18.59 लाख की लागत से सुरखी नाला पर जल संरक्षण के लिए वेस्ट वियर का निर्माण किया गया है। इसके निर्माण से 105 किसानों को सिंचाई सुविधा मिल रही है एवं 210 एकड़ कृषि भूमि सिंचित हो रहा है। अब किसान दोहरी फसल भी लेने लगे है। दोहरी फसल लेने से उनकी आवक भी बढ़ गई है। किसानों को पेयजल, सिंचाई सहित निस्तारी कार्य के लिए वर्ष भर जल की उपलब्धता बनी रहती है। स्थानीय किसानों ने इस वेस्ट वियर लाभ के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि जल के भराव बने रहने से ग्रामीणों को सिंचाई के लिए हमेशा जल की उपलब्धता बनी रहती है। इससे फसल की पैदावार भी अच्छी होती है। किसानो ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा किसानों के हित में अनेक फैसले लिये जा रहे हैं। हमारे ग्राम पंचायत में जल संरक्षण के लिए किये गये इस उपाय से हमें किसानी कार्य में बहुत मदद मिली है।

शासकीय कार्यालयों में संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ दिलाई गई

- संविधान 2 साल 11 महीने 18 दिन में लिखित में तैयार संविधान विश्व का सबसे बड़ा संविधान है

मुंगेली। संविधान दिवस जिले में निष्ठा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न संस्थाओं में संविधान के प्रस्तावना का वाचन किया गया। भारत सरकार द्वारा डॉ. बी.आर. अम्बेडकर की 125 वीं जयंती के अवसर पर संविधान दिवस मनाये जाने का निर्णय लिया गया है। डॉ. अम्बेडकर भारतीय संविधान के प्रारूप निर्माण समिति के अध्यक्ष थे। 2 साल 11 महीने 18 दिन में लिखित में तैयार भारतीय संविधान को 26 नवम्बर 1949 को अंगीकृत किया गया था। इसके परिपालन में 26 नवम्बर को जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में भारतीय संविधान के प्रस्तावना का वाचन कर संविधान दिवस मनाया गया। भारतीय संविधान विश्व का सबसे बड़ा संविधान है जिसमें 448 अनुच्छेद, 12 अनुसूचिया और 94 संशोधन शामिल है। संविधान सभा के 284 सदस्यों ने 24 जनवरी 1950 को दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए। दो दिन बाद इसे लागू किया गया था। अर्थात 26 जनवरी 1950 से इसे लागू किया गया था। जिसके चलते 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के रूप में मनाया जाता है।

गांव और ग्रामीणों के आर्थिक प्रगति का चक्र बन रही गोधन न्याय योजना

- किसी ने खरीदे नये मवेशी तो किसी को घर की जरूरतें पूरा करने में मिली मदद

कोरिया। कोरिया जिले के खड़गवां जनपद पंचायत के गांव सकरिया के रहने वाले जयंत राम ने गोधन न्याय योजना का लाभ लेते हुए नई भैंस खरीद ली तो वहीं इसी जनपद पंचायत के गांव पेंड्री के किसान सुखराज प्राप्त राशि से दो बकरियां खरीद पाने में सक्षम हुए। विकासखण्ड सोनहत के ग्राम पंचायत केशगवां की रहने वाली इन्द्रकुंवर ने गोधन न्याय योजना के तहत प्राप्त राशि से वेट मशीन खरीदी, जिसे वह काफी समय से खरीदना चाह रही थी। ये जरूरतें अक्सर घर की बड़ी जरूरतों की सूची में नीचे चली जाती थी क्योंकि महीने के घर खर्च हिसाब में इनके लिए रुपये नहीं बचते थे। पर अब गोधन न्याय योजना से हर 15 दिन में राशि मिल जाती है जिससे घर का खर्च भी व्यवस्थित है और ये जरूरतें भी पूरी हो रही हैं।

ऐसी कई असल कहानियां हैं जो गोधन न्याय योजना की धरातल पर सफलता का प्रमाण हैं। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप संचालित इस योजना ने कोरिया जिले में केवल पशुपालकों को ही नहीं, स्वसहायता समूहों को भी आर्थिक प्रगति का रास्ता दिखाया है। इस योजना का चक्र ही आज गांव और ग्रामीणों के आर्थिक विकास का चक्र बन रहा है।

नरेगा कार्यक्रम अधिकारी पर रोजगार सहायक ने लगाया 50 हजार रिश्वत का आरोप

- क्लेक्टर दे चुके कार्यक्रम अधिकारी के सेवा समाप्ति के आदेश

सुरजपुर।। जनपद पंचायत सुरजपुर के प्रभारी मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी के ऊपर एक रोजगार सहायक ने 50 हजार रुपये रिश्वत मांगने की बात कही है। साथ ही राशि नही देने पर गलत तरीके से सेवा सेवा समाप्ति करने का आदेश पारित करवाने आरोप लगाया है।

गौरतलब है कि सुरजपुर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम करवा के रोजगार सहायक खुर्सीद अंसारी ने स्टाम्प में शपथ पत्र में जिला प्रशासन से लिखित आवेदन शौप कर आरोप लगाया कि सुरजपुर जनपद पंचायत में पदस्त प्रभारी कार्यक्रम अधिकारी सुजीत पांडेय द्वारा उनसे 50 हजार रुपये रिश्वत की मांग अपने दफ्तर में मांगी गई थी। जब इतनी मोटी रकम नही दे पाया तो कार्यक्रम अधिकारी श्री पांडेय द्वारा सेवा समाप्ति की धमकी दिया गया। जिसके कुछ दिनों के उपरांत 27 /05/ 2020 को जनपद पंचायत में लिखित आदेश देकर जनपद सुरजपूर में अटैच कर दिया था।

इसके उपरांत पैसे की पुनः मांग की गई। जब पैसा नही देने पर 3 माह का समय देते हुए पत्र क्रमांक 841 दिनांक 5/08/2020 को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया। रोजगार सहायक ने नोटिस का जवाब भी दिया था। जिसके 3 माह के उपरांत 4/11/2020 को रोजगार सहायक खुर्सीद अंसारी को अनिमियता बरते जाने की बात कह कर जनपद सीईओ ने कार्य से पृथक कर दिया है।

पूर्व रोजगार सहायक ने कहा कि कार्यक्रम अधिकारी सुजीत पाण्डेय द्वारा आय दिन रोजगार सहायकों के ऊपर दबाव बनाकर पैसे की मांग करते है। जब नही दिया जाता है तो सेवा से पृथक करने की धमकी दी जाती है। कहते हैं कि मेरे खिलाफ शिकायत हुई थी की कुआं में मशीन लगाकर कार्य कराया गया है। पैसे दो नही तो सेवा से पृथक करा दूँगा।

बतादें की प्रभारी कार्यक्रम अधिकारी को सेवा समाप्ति के आदेश क्लेक्टर दे चुके है। जिसका प्रेस रिलीज जिला प्रसाशन ने जारी किया था। जिसके महीनों गुजर जाने के बाद भी कार्यवाही शून्य है। जिससे प्रभारी कार्यक्रम अधिकारी के हौशले बुलन्द है।

इस सम्बंध में जिला पंचायत सीईओ आकाश छिकारा ने कहा कि जानकारी मिल रही है। दिखवाता हूं।

■ न्यूज गैलरी

अज्ञात चोर ने मंदिर से 10 हजार से भरी दान पेटी उड़ाई

रायपुर। राजधानी रायपुर के आकाशवाणी स्थित शिव मंदिर परिसर से अज्ञात चोर ने दान पेटी चोरी कर ले गया। दान पेटी में करीब 10 हजार रूपये थे। घटना की रिपोर्ट सिविल लाईन थाना में दर्ज कराई गई है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 25 नवंबर को रात करीब 7.30 बजे आकाशवाणी स्थित शिव मंदिर परिसर में रखे दान पेटी को अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। घटना के बाद मंदिर के मुन्ना शुक्ला ने इसकी सूचना पुलिस को दी। बताया गया कि दान पेटी में लगभग 10 हजार रूपये थे। पुलिस मामले में चोरी का अपराध दर्ज किया है।

गिफ्ट भेजने के बहाने युवक से 1 लाख 15 हजार की धोखाधड़ी

रायपुर। फेसबुक में दोस्ती होने के बाद गिफ्ट भेजने का झांसा देकर एक युवक से आरोपी द्वारा 01 लाख 15 हजार रूपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। घटना की रिपोर्ट पुरानी बस्ती थाना में दर्ज कराई गई है। महामाईपारा पुरानी बस्ती निवासी महेन्द्र ढीमर का आरोपी हेंद्री ब्राउन सेट्रिक नामक व्यक्ति से फेसबुक पर परिचय हुआ। फेसबुक पर लगातार बातचीत होने के बाद दोनों के बीच दोस्ती हो गई, जिसके बाद आरोपी ने महेन्द्र से कहा कि वो उसे गिफ्ट में इलेक्ट्रानिक्स सामान व मोबाईल फोन देना चाहता है लेकिन गिफ्ट भेजने के लिए कस्टम चार्ज लग रहा है। इसके लिए आरोपी ने अलग-अलग दिनों में तीन बार में महेन्द्र से 01 लाख 15 हजार रूपये अपने बताये बैंक ऑफ बड़ौदा खाता में जमा करा लिए। रूपये जमा कराने के बाद भी आरोपी ने प्रार्थी को कोई गिफ्ट नहीं भेजा। इस बीच जब प्रार्थी को लगने लगा कि उसके साथ धोखाधड़ी हुई है तो उसने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई।

सिलाई सीखने गई युवती से किया अश्लील बातचीत

रायपुर। सिलाई सीखकर वापस घर आ रही युवती को रास्ते में रोककर रिस्तेदार ने की अश्लील बातचीत घटना की जानकारी पिता को देने पर आरोपियों ने पीड़िता के पिता के साथ गाली-गलौचकर जान से मारने की धमकी देकर मारपीट किया। घटना की रिपोर्ट खमतराई थाने में दर्ज की गई है। पीड़िता 30 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थिया 26 नवंबर को दोपहर 3.30 बजे सिलाई सीखकर घर वापस आ रही थी,इसी दौरान रावाभांठा के पास रिस्तेदार मुनेन्द्र मिश्रा एवं विजेन्द्र मिश्रा ने रास्ता रोककर अश्लील बातचीत किया।

कांग्रेस सरकार किसानों से अपने वादे पर अडिग : शैलेष

■ प्रदेश में 1 दिसंबर से होगी धान खरीदी

■ धान खरीदी को लेकर भाजपा के झूठ की पोल अब खुल चुकी है

नव-प्रदेश संवादाता

रायपुर। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि कांग्रेस सरकार ने किसानों से अपना वादे पर अडिग है। छत्तीसगढ़ में 1 दिसंबर से धान खरीदी होगी। 1 दिसंबर से धान खरीदी शुरू होने जा रही है। टोकन पहले से दिये जा रहे है। ये टोकन 7 दिन के लिये वेलिड होंगे। यदि कोई किसान अपने टोकन पर धान नहीं बेच पाया तो उसे फिर से टोकन जारी कर दिया जायेगा। इस प्रकार धान खरीदी सुव्यवस्थित रूप में चलेगी। सब का धान खरीदा जायेगा। 2500 रूपये में खरीदा जायेगा। भाजपा द्वारा लगातार धान खरीदी में बाधा डालने की कोशिशे की गयी है और की जा रही है। कभी भाजपा की केन्द्र सरकार द्वारा कहा गया सेन्ट्रल

पुल में छत्तीसगढ़ के किसान के धान से बना चावल नही लिया जायेगा। इसके लिये चिट्ठी तक लिख दी थी मोदी सरकार ने। इस साल भाजपा की केन्द्र सरकार ने धान खरीदी के लिये बारदानो की उपलब्धता में बाधा डाली। बारदाने ही नही उपलब्ध कराये लेकिन कांग्रेस की सरकार मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार इन तमाम समस्याओं का मुकाबला करते हुये अपने वादे को पूरा करते हुये किसानो की धान की खरीदी 1 दिसंबर से करने जा रही है। छत्तीसगढ़ में सुव्यवस्थित रूप से धान की खरीदी होगी। धान बिचौलियों और धान दलालों और धान खरीदी में गड़बड़ियों कर किसानों को परेशान करने वालों को कोई प्रश्रय नही मिलेगा। प्रदेश के बाहर का धान नही, छत्तीसगढ़ के किसानो का उगाया हुआ धान छत्तीसगढ़ के सोसाइटियों में 2500 रूपये में खरीदा जायेगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार ने धान का दाम 2500 रू. देते हुये पहले साल 80 लाख टन से अधिक और दूसरे साल 83 लाख टन धान की खरीदी की है। भाजपा की 15 साल की सरकार में तो 12 लाख किसानों से ही औसत 50 लाख टन धान ही प्रतिवर्ष खरीदा गया।

कांग्रेस ने की है जिला, ब्लॉक, केंद्रवार तैयारी

क्विंटल की दर पर धान खरीदी करने जा रही है। इस अवसर पर कांग्रेस ने सभी जिला कांग्रेस कमेटियों को परिपत्र जारी करके किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो और सीमावर्ती राज्यों से धान की अवैध आवक न हो इसकी निगरानी हेतु कांग्रेस जिला, ब्लाक एवं खरीदी केन्द्रवार त्रि-स्तरीय निगरानी समिति का तत्काल गठन किया जाना है। जिला, ब्लाक स्तरीय निगरानी समिति में जिला एवं ब्लाक के किसानों से संबंधित समस्याओं के लिये कांग्रेसजनो, किसानो, किसान कांग्रेस के पदाधिकारियों को शामिल करके 11 सदस्यीय तथा खरीदी केन्द्र स्तर पर खरीदी केन्द्र के अंतर्गत आने वाले समस्त आश्रित ग्रामों से कांग्रेस सदस्यों को समाहित करते हुये निगरानी समिति का गठन जायेगा। किसान को धान खरीदी, बिक्री में कोई समस्या उत्पन्न हो रही हो, तो जिला, ब्लाक स्तर पर समस्या को प्रशासन के समक्ष प्रभावी ढंग से रखते हुये निराकरण के लिये किसान को आवश्यक सहयोग, मदद किया जाना है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम फोन नं. 0771-2236793, 2236794 एवं 2236795 पर सूचित करें।

आसमान में छाए रहेंगे बादल, आज और कल भी बूंदाबांदी के आसार

नव प्रदेश संवादाता

रायपुर। चक्रवाती तूफान निवार के असर से प्रदेश में मौसम का मिजाज पूरी तरह से बिगड़ा हुआ है। इधर आसमान में छाए बादल आज सुबह से ही रूक-रूककर बरसना शुरू हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार कल शनिवार को भी मौसम का मिजाज इसी तरह बना रह सकता है।

मौसम विभाग के अनुसार निवार चक्रवात अब कमजोर पड़ रहा है। चक्रवात के कारण दक्षिण से गर्म औरनमीयुक्त हवा आ रही है। वही उत्तर से पश्चिमी हवा आ रही है। विपरीत राशियों के हवा के मिलने के कारण आसमान में बादल छाए हुए हैं और इसी के चलते आज सुबह से ही राजधानी में रूक-रूककर

बूंदाबांदी हो रही है।

राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में कल शाम-रात से ही बूंदाबांदी शुरू हो गई है। मौसम विभाग की माने तो यह स्थिति कल शाम-रात तक बनी रह सकती है। इसके बाद मौसम में सुधार आना शुरू होगा और धीरे-धीरे मौसम शुष्क हो जाएगा। इधर मौसम में अचानक आई तब्दीली के चलते वायरल फीवर और संक्रामक बीमारियों का खतरा काफी अधिक बढ़ गया है। वर्तमान में शासकीय के अलावा निजी अस्पतालों में भी वायरल फीवर के मरीज लगातार बढ़ते जा रहे हैं।

किसानों का प्रदर्शन मोदी और भाजपा के किसान विरोधी होने का प्रमाण : मरकाम

■ देश ही नहीं प्रदेश में भी जहां-जहां भाजपा की सरकारे वहां-वहां के किसान परेशान

रायपुर। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि देश में ही नहीं प्रदेश में भी जहां-जहां भाजपा की सरकारें है वहां-वहां के किसान हताश और परेशान है। खरीफ सीजन में किसान फसल बेचने के बजाय सड़कों पर उतरकर मोदी सरकार के काले कानून का विरोध कर रहे है, यह मोदी भाजपा के किसान विरोधी होने का जीता जागता प्रमाण है। छत्तीसगढ़ में 15 साल तक रमन भाजपा की सरकार के दौरान भी किसान हताश और परेशान थे। बीते 7 साल में मोदी सरकार के किसान विरोधी नीतियों के कारण देश भर के किसान हताश और परेशान हैं। चाहे अटल बिहारी

वाजपेयी की सरकार हो या मोदी सरकार या रमन सिंह की सरकार भाजपा की किसी भी सरकार ने किसानों से किए वादों को पूरा नहीं किया है।

श्री मरकाम ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सरकार 22 महीने में तीसरी बार किसानों से धान की 2500 रू. प्रति क्विंटल की दर पर खरीदी करने जा रही है। और भाजपा लगातार तीसरी बार किसानों को धान की कीमत 2500 रू. देने पर अड़ंगा लगाने के लिए षड्यंत्र कर रही है। पहली बार किसानों के धान खरीदी में नियम शर्ते लगाई गई। अभी धान खरीदी के लिए मांगी गई गठान बोरा में रोक लगाकर मोदी भाजपा ने अपने किसान विरोधी मंसूबे को पूरा करने का प्रयास किया है। लेकिन वे सफल नहीं हुए। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार किसानों की धान 2500 रू. कीमत पर बिना रोक-टोक 1 दिसंबर से खरीदेगी।

श्री मरकाम ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय से पूछा कि 15 साल तक मुख्यमंत्री रहे डॉ रमन सिंह ने किसानों से किए वादों को पूरा नहीं किया। अब मोदी सरकार किसानों को स्वामीनाथन कमेटी की सिफारिश के अनुसार लागत मूल्य का डेढ़ गुना समर्थन मूल्य देने में असफल हुई है, क्या विष्णुदेव साय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इस्तीफा मांगे हैं? क्या विष्णुदेव साय भाजपा के कारण हुई किसानों से वादाखिलाफी का नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए भाजपा छोड़ेंगे ?

शिक्षिका रीता मंडल का डाक टिकट जारी

रायपुर। शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार तथा मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण के अंतर्गत ज्ञानदीप पुरुस्कार प्राप्त शिक्षिका विकास खंड धरसींवा, रायपुर छत्तीसगढ़ निवासी रीता मंडल का दीपावली के पावन अवसर पर विश्व शांति दूत डॉ सुधीर तारे ने डाक टिकट मुम्बई से इंडियन पोस्टल सर्विसेज के द्वारा जारी किया गया है। उल्लेखनीय है कि यूएन 75 विश्व शांति अभियान में हाल ही में श्रीमती रीता मंडल का चयन हुआ है। उनकी इस उपलब्धि से उनके परिवार तथा उनकी शाला तथा विकासखंड के समस्त शिक्षक उल्लासित है।

मतदाता सूची में संशोधन के लिए 12-13 को विशेष शिविर का आयोजन

रायपुर। केन्द्रीय निर्वाचन आयोग भारत सरकार द्वारा जारी निर्देशानुसार फोटोयुक्त मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम चल रहा है। इसी क्रम में मतदाता सूची में में आवश्यक संशोधन के लिए मतदाता 12-13 दिसंबर को लगने वाले विशेष शिविर का लाभ उठा सकते हैं। जारी निर्देशानुसार मतदाता अपने मतदान केन्द्र में दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। ऐसे युवा जो 01 जनवरी 2021 की स्थिति में 18 वर्ष की उम्र पूर्ण कर रहे हैं। वे अपने मतदान केन्द्र में जाकर मतदाता सूची में नाम जुड़वा सकते हैं। संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान मतदाता सूची में नाम, पता, आयु यदि त्रुटिपूर्ण हो तो उसमें सुधार करवाया जा सकता है। इसके अलावा स्थान परिवर्तन व मतदाता सूची से नाम विलोपन के लिए भी आवेदन किया जा सकता है। मतदान केन्द्रों में बीएलओ एवं अभिहित अधिकारियों से सम्पर्क कर नाम जोड़वाने, संशोधन अथवा विलोपन के लिए निर्धारित प्रपत्र प्राप्त किया जा सकता है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत् सभी जिलों में 12 एवं 13 दिसम्बर को विशेष शिविर भी आयोजित किए जाएंगे।

कार्रवाई...

थाना गुढ़ियारी पुलिस की जुआ/सट्टा के विरूद्ध ताबड़तोड़ कार्यवाही। क्षेत्र के अलग - अलग स्थानों में सट्टा खिलाते 04 सटोरियों एवं जुआ खेलते 05 जुआरियों सहित कुल 09 गिरफ्तार, सटोरियों/जुआरियों से नगदी 35,470/- रूपये सहित सट्टा-पट्टी/ताश पत्ती किया गया जप्त।

भिक्षावृत्ति में लिप्त बच्चों के पुनर्वास के लिए मुहिम चलाएगा छत्तीसगढ़ बाल अधिकार संरक्षण आयोग

नव प्रदेश संवादाता

रायपुर। राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा प्रदेश के चौक चौराहों पर बाल भिक्षावृत्ति रोकने और इसमें लिप्त बच्चों के पुनर्वास के लिए मुहिम चलाई जाएगी। इस संबंध में आयोग की अध्यक्ष श्रीमती प्रभा दुबे ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पुलिस विभाग, सभी जिलों के विशेष किशोर पुलिस इकाई, बाल कल्याण समिति, बाल संरक्षण इकाई व महिला बाल विकास के अधिकारियों से चर्चा की और कार्यवाही के लिए मार्गदर्शन व निर्देश दिए ।

श्रीमती दुबे ने बच्चों से संबंधित विभिन्न मामलों की समीक्षा करते हुए कहा कि बच्चों से भिक्षावृत्ति कराने के मामलों का बढ़ना चिंताजनक है। इस हेतु समेकित बाल संरक्षण इकाई, बाल कल्याण समिति, पुलिस प्रशासन, चाइल्ड हेल्प लाइन, श्रम विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग को चौक चौराहों का चिन्हांकन कर विशेष कार्ययोजना बनानी होगी। इसके साथ भिक्षावृत्ति में लिप्त बच्चों के पुनर्वास की व्यवस्था करते हुए उन्हें मुख्य धारा में लाना होगा। उन्होंने कहा कि इस संबंध में की गई कार्यवाही को प्रमुखता से आम जनता तक पहुंचाएं। बाल भिक्षावृत्ति रोकने में बाल अधिकार संरक्षण आयोग भी उपस्थित रहेगा और हर प्रकार से सहायता करेगा।

श्रीमती दुबे ने पोक्सो एक्ट के तहत प्रकरणों में की गई कार्यवाही और राहत, चिकित्सकीय सहायता व मुआवजा राशि देने तथा अन्य बिंदुओं पर भी समीक्षा की। कॉन्फ्रेंसिंग में पुलिस मुख्यालय से ए आई जी मिलिना कुर्रे, आयोग के सचिव प्रतीक खरे, सभी जिलों के विशेष किशोर पुलिस इकाई के प्रभारी, बाल कल्याण समिति ,बाल संरक्षण इकाई व महिला बाल विकास के अधिकारी शामिल हुए।

कलेक्टर ने धान खरीदी केंद्रों की तैयारियों का लिया जायजा

अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश

रायपुर। कलेक्टर डॉ एस. भारतीदासन ने आज अभनपुर एवं आरंग विकासखंड के धान खरीदी केंद्रों में पहुंचकर आवश्यक तैयारियों का जायजा लेकर अधिकारियों को सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने कहा कि वास्तविक किसानों से ही धान खरीदी जाए। कोचियो एवं बिचैलियों पर कड़ी नजर रखी जाए।

कलेक्टर ने अपने भ्रमण के दौरान आज धान उपार्जन केंद्र संकरी, पिपरौद, पटेवा ,भलेरा, गौरभाट तथा खुटेरी उमरिया पहुंचकर वहां निरीक्षण करते हुए समिति के कर्मचारियों तथा संबंधित अधिकारियों से कहा कि आगामी एक दिसंबर से धान खरीदी किया जाना है। उन्होंने कहा कि किसानों की सुविधाओं में किसी भी प्रकार की कमी ना हो। उन्होंने इन केंद्रों में किसानों के पंजीयन संख्या तथा धान के रकबे की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप छोटे किसानों का टोकन पहले काटी जाएं। किसान एवं कर्मचारियों को किसी प्रकार की दिक्कत ना हो, इसका ध्यान रखने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने धान उपार्जन केंद्रों में बने चबूतरों का भी निरीक्षण किया और कहा कि धान का एक दाना भी बर्बाद नहीं होना चाहिए। उन्होंने परिवहन व्यवस्था की जानकारी ली तथा टोकन का जंपिंग ना होने देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अनुविभागीय दंडाधिकारी राजस्व को बिचैलियों पर नजर रखने तथा उपार्जन केंद्रों की उपयुक्त व्यवस्था देखने के लिए फ्लाइंग स्कॉट टीम बनाने के निर्देश दिए तथा महत्वपूर्ण बिंदुओं की जांच हेतु चेक लिस्ट बनाकर आवश्यक कार्यवाही सुनिशिचत करने को कहा। कलेक्टर ने धान खरीदी केंद्रों में बारदाने की उपलब्धता तथा कांटा बाट के सत्यापन की जानकारी ली। उन्होंने नए एवं पुराने बारदाना के अनुसार स्केटिंग करने ,आर्द्रता मापन एवं गुणवत्ता परीक्षण करने तथा खरीदी का ऑनलाइन एंट्री करने के निर्देश दिए।

संपादकीय

भ्रष्टाचार की जड़ पर प्रहार जरूरी

भारत में भ्रष्टाचार में शिष्टाचार का रूप ले रखा है। भ्रष्टाचार के मामले में भारत एशिया में पहले नंबर पर आ गया है। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की नई रिपोर्ट के अनुसार भारत में रिश्वत खोरी लगातार बढ़ रही है और वह एशिया में सर्वाधिक भ्रष्ट देश बन गया है। वहीं दुनिया के सबसे ज्यादा भ्रष्ट 180 देशों की सूची में भारत 80वें नंबर पर पहुंच गया है। दरअसल भारत में अंग्रेजों के जमानें से ही भ्रष्टाचार ने अपनी जड़े मजबूत कर ली है। पूरी व्यवस्था भ्रष्टाचार के चंगुल में फंस चूंकि है। सरकारी दफ्तारों का हाल तो यह है कि बगैर रिश्वत दिए वहां कोई काम नहीं होता। उपर से नीचे तक भ्रष्टाचार का परनाला अबाद गति से बढ़ रहा है। सरकार ने प्रशासनीक भ्रष्टाचार को रोकने के लिए कड़े कानूनी प्रावधान किए है। लेकिन वे भी असर हिन सिद्ध हो रहे हैं। भ्रष्टाचारियों के खिलाफ यदा कदा ही कोई कार्रवाई हो पाती है और उसमें से भी अधिकांश मामलों में भ्रष्टाचारी सस्ते में छूट जाते हैं। एंटी करप्शन ब्यूरों का छापा पड़ता है तो एक मामूली सरकारी बाबू भी करोड़ों का आसामी निकल इसी से इस बात का अंदाजा लगाया जा सकता है कि अन्य अफसरों की अवैध कमाई कितनी होगी। ऐसे भ्रष्ट लोगों के खिलाफ जो कार्रवाई होती है। उसके जांच की प्रक्रिया भी इतनी धीमी होती है कि नतीजा सामने आने तक संबंधीत नौकरशाहा सेवा निर्वित हो जाता है। उसके द्वारा भ्रष्टाचार से अर्जित संबंध संपत्ति भी सरकार राजसात नहीं कर पाती। बड़े नेताओं का कहना ही क्या वो राजनीति में आते ही देखते ही देखते रोड पति से करोड़ पति बन जाते है और यदि मंत्री बन गए तो हजारों करोड़ की संपत्ति अर्जीत कर लेते है। ऐसे महा/भ्रष्ट नेताओं के खिलाफ अव्वल कोई कार्रवाई ही नहीं होती और यदि हुई भी तो वे बेल में भी ऐश करते हैं और जल्द ही बाहर आ हाते है। चारा घोटाले के आरोपी लालू प्रसाद यादव इसका ज्वलंत उदाहरण है। जिन्होंने दो दशक पूर्वक हजारों रूपए का चारा घोटा था और दो साल पहले ही सजा हो पाई है। लेकिन अभी भी वह जेल जाने की जगह अस्पताल के प्राइवेट वार्ड में आराम फरमा रहे हैं। ऐसी स्थिति में भ्रष्टाचारी आखिर क्यों डरेंगे। कायदे से ऐसे सभी भ्रष्टाचारियों के खिलाफ जल्द से जल्द और कड़ी से कड़ी कार्रवाई का प्रावधान होना चाहिए। जब तक भ्रष्टाचार की जड़ पर करारा प्रहार नहीं किया जाएगा। तब तक भ्रष्टाचार मुक्त भारत का सपना साकारा नहीं हो पाएगा। एक समय था जब विभिन्न राजनीतिक पार्टियां भ्रष्टाचार को चुनावी मुद्दा बनाया करती थी। लेकिन अब उन्होंने भ्रष्टाचार को मुददा बनाना ही बंद कर दिया है। इसकी वजह साफ है कि भ्रष्टाचार रूके हमाम में सभी नंगे है। सभी इसी एक नीति पर चलते है कि खुद भी खाओं और दूसरों को भी खाने दो। अब समय आ गया है कि यह कुनीति बदली जाए और भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए और भ्रष्टाचार से अर्जित की गई उनकी संपत्ति को तत्काल प्रभाव से राजसात किया जाए तभी भ्रष्टाचार रूपी कैंस से देश को छूटकारा मिल पाएगा।

गुरुनानक देव जी की सीखें हर काल में प्रासंगिक रहेंगी

डॉ. नीलम महेंद्र

> 1,जपना, यानी सबसे पहले जप करना अर्थात उस परम पिता का नाम जपना जब भी समय मिले जहाँ भी जगह मिले पूरी श्रद्धा से उस सर्वशक्तिमान को याद करना उसका शुक्रिया अदा करना। उनका कहना था कि इसके लिए मंदिर या माजिद जाने की जरूरत नहीं है क्योंकि ईश्वर तो हमारे भीतर है। वो खुद भी कहीं भी कभी भी ईश्वर के ध्यान में बैठ जाते थे। कभी बकरियाँ चराते समय तो कभी खेतों में, कभी किसी पेड़ के नीचे तो कभी समुद्र में।
> 2, दूसरा कीर्त मतलब कमाई करना, क्योंकि प्रभु ने हमें जो परिवार दिया है उसका पालन करने के लिए हमें कर्म करना चाहिए। वे कहते थे, किसी से मांग कर नहीं खाना और ना किसी का हक मार कर खाना। अपनी मेहनत पर ही हमारा हक है और मेहनत करना हमारा फ़र्ज़ है।
> 3, तीसरा वंड के छकना मतलब बांट कर खाना। वे कहते थे कि हर मनुष्य को अपनी कमाई का दसवां हिस्सा परोपकार में लगाना चाहिए। वो स्पष्ट कहते थे कि धन को केवल जेब तक ही सीमित रखना चाहिए उसे अपने हृदय में स्थान नहीं बनाने देना चाहिए वो क्योंकि मानव की मुक्ति का मार्ग समाज के दुखों की मुक्ति से होकर निकलता है धन दौलत इकट्ठा करने से नहीं।

एक ओंकार सतनाम, कर्तापुरख, निर्माह निर्वैर, अकाल मूरत, अजूनी सभं. गुरु परसाद॥ ॥ जप ॥ आद सच, जुगाद सच, है भी सच, नानक होसे भी सच ॥

ये गुरुनानक देव जी के मुख से निकले केवल कुछ शब्द नहीं हैं। ना ही इनकी ये पहचान है कि ये गुरुग्रंथ साहिब का पहला भजन है। ये तो वो मूल मंत्र है जो ना सिर्फसिख संगत को उस सर्वशक्तिमान ईश्वर के गुणों से रूबरू कराता है बल्कि सम्पूर्ण मानव समाज को ही दिशा दिखाता है। श्री गुरुनानक देव जी के मुख से निकले ये शब्द वो बीज हैं जो कालांतर में सिख धर्म की नींव बने। विश्व के पांचवे सबसे बड़े धर्म के संस्थापक गुरुनानक देव जी की सीखों की वर्तमान समय में प्रासंगिकता की बात करने से पहले हम सिख शब्द को समझ लें। दरअसल सिख का अर्थ होता है शिष्य। अर्थात जो गुरुनानक देव जी की सीखों को एक शिष्य की भांति अपने आचरण और जीवन में अपना ले, वो सिख है और हम सभी जानते हैं कि उनकी सीखों में सबसे बड़ा धर्म मानवता है इसलिए उनकी सीखें हर काल में प्रासंगिक हैं।

जब गुरुनानक देव जी कहते हैं कि च्एक ओंकार, सतनाम, तो उनके आध्यात्म की इस परिभाषा को केवल उनके अनुयायी ही नहीं बल्कि प्राचीन वेद विज्ञान से लेकर आधुनिक विज्ञान भी स्वीकार करने पर विवश हो जाता है। वे कहते हैं, एक ओंकार सतनाम यानी ओंकार ही एक अटल सत्य है। ओंकार यानी यह तो हम सभी जानते हैं कि हम जो भी कहते हैं, जिन भी शब्दों का उच्चारण करते हैं उनकी एक सीमा होती है लेकिन ओंकार असीमित है। प्राचीन ऋषियों ने भी ? को अजपा कहा है क्योंकि ? शब्दातीत है यानी शब्दों से परे है। और आधुनिक विज्ञान भी यह स्वीकार करता है कि ? कोई ध्वनि नहीं बल्कि एक अनाहत नाद है। क्योंकि ध्वनि तो दो वस्तुओं के टकराने से या कंपन से उत्पन्न होती है लेकिन ? किसी से टकराने से उत्पन्न नहीं हुआ। जहाँ टकराहट हो वहाँ भला ? कहाँ? जब भीतर बिल्कुल शांति हो, अंदर के सारे स्वर बंद हो जाएं, सभी द्वंद मिट जाएं तो एक अनाहत से हमारा संपर्क होता है और हम ? से जुड़ पाते हैं और एक अनोखी ऊर्जा को महसूस कर पाते हैं। ? का हमारे भीतर के सत्य और शुभ से लेना देना है। इसलिए जब वे कहते हैं एक ओंकार तो वे कहना चाहते हैं कि ईश्वर एक ही है जो हम सब के भीतर ही निवास करता है और यही सबसे बड़ा सत्य भी है।

जब 15 वीं सदी में गुरुनानक देव जी ने सिख धर्म की स्थापना की थी, तो यह धर्म के प्रति लोगों के नज़रिए पर एक क्रांतिकारी बदलाव की शुरुआत थी। यह उस विरोधाभासी सोच पर प्रहार था जो व्यक्ति के सांसारिक जीवन और उसके आध्यात्मिक जीवन को अलग करती थी। अपने विचारों से गुरुनानक देव जी ने उस काल के सामाजिक और धार्मिक मूल्यों की नींव ही हिला दी थी। उन्होंने पहली बार लोगों को यह विचार दिया कि मनुष्य का सामाजिक जीवन उसके आध्यात्मिक जीवन की बाधा नहीं है बल्कि उसका अविभाज्य हिस्सा है। सदियों की परंपरागत सोच के विपरीत गुरुनानक जी वो पहले ईश्वरीय दूत थे जिन्होंने जोर देकर कहा था कि ईश्वर पहाड़ों या जंगलों में भूखा रहकर खुद को कष्ट देने से नहीं मिलते बल्कि वो सामाजिक जीवन जीते हुए दूसरों के कष्टों को दूर करने से मिलते हैं। उनके अनुसार व्यक्तिगत मोक्ष का रास्ता सेवा कार्य द्वारा समाज के लोगों को दुखों से मोक्ष दिला कर निकलता था। इसके लिए उन्होंने अपने भक्तों को सेवा ते सिमरन का मंत्र दिया। उस दौर में जब लोगों को यकीन था कि ईश्वर से एकाकार के लिए सन्यास के मार्ग पर चलना आवश्यक है, उन्होंने अपने भक्तों को मध्यम मार्ग अपनाने पर बल दिया जिस पर चलकर गृहस्थ आश्रम का पालन भी हो सकता है और आध्यात्मिक जीवन भी अपनाया जा सकता है। आज के भौतिकवादी युग में गुरुनानक देव जी का यह नज़रिया आत्मकल्याण ही नहीं समाज कल्याण की दृष्टि से भी बेहद प्रासंगिक है। और उन्होंने अपने इस जीवन दर्शन को अपनी जीवन यात्रा से चरितार्थ करके भी दिखाया। अपने जीवन काल में उन्होंने खुद एक गृहस्थ जीवन जीते हुए आध्यात्म की ऊँचाइयों को छूने वाले एक संत का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण समाज के सामने प्रस्तुत किया। इस सोच के विपरीत कि संसार माया है, मिथ्या है, झूठ है, फरेब है, उन्होंने कहा कि संसार ना सिर्फ सत्य है बल्कि वो साधन है, वो कर्मभूमि है जहाँ हम ईश्वर की इच्छा से उनकी इच्छानुसार कर्म करने के लिए आए हैं। उनका मानना था, हुकम राजायी चलना नानक लिख्या नाल अर्थात सबकुछ परमात्मा की इच्छा के अनुसार होता है और हमें बिना कुछ कहे इसे स्वीकार करना चाहिए।

लेकिन परमात्मा के करीब जाने के लिए संसार से दूर होने की आवश्यकता नहीं है बल्कि उस परमपिता के द्वारा दिए गए इस जीवन में हमारा नैतिकता पूर्ण आचरण ही हमारे जीवन को उसका आध्यात्मिक रूप और रंग देता है। उन्होंने ध्यान, तप योग से अधिक सतकर्म को और रीत रिवाज से अधिक महत्व मनुष्य के व्यक्तिगत नैतिक आचरण को दिया। इसलिए वे कहते थे कि सत्य बोलना श्रेष्ठ आचरण है लेकिन सच्चाई के साथ जीवन जीना सर्वश्रेष्ठ आचरण है। आज जब पूरी दुनिया में दोहरे चरित्र का होना ही सफलता प्राप्त करने का एक महत्वपूर्ण गुण बन गया हो और नैतिक मूल्यों का लगातार ह्रास हो रहा हो, तो गुरुनानक जी की यह सीखें सम्पूर्ण विश्व के लिए पथप्रदर्शक का काम कर सकती हैं।

आज जब मशीनीकरण के इस युग में हम उस मोड़ पर पहुंच गए हों जहाँ समय के अभाव में मनुष्य खुद भी कुछ कुछ रोबोटिक सा होता जा रहा हो और उसका सुकून भी छिनता जा रहा हो, तो गुरुनानक देव जी की दिखाई राह उसे वापस ईश्वर से जोड़कर दैवीय सुकून का एहसास करा कर असीम मानसिक शांति दे सकती है। ईश्वर से जुड़ने के लिए वो वैराग्य त्याग तप या फिर सांसारिक सुखों से दूर होने के बजाए संसार को प्रेम से गले लगाने की सीख देते थे, दूसरों के दुखों को दूर करने की सीख देते थे जिसके लिए उन्होंने जीवन जीने की बहुत ही व्यवहारिक राह दिखाई थी जो आज भी प्रासंगिक है। आज के दौर में जब मनुष्य अपने खुद के लिए भी समय न निकाल पा रहा हो ऐसे समय में गुरुनानक देव जी के द्वारा जीवन जीने के लिए दिए गए बेहद सरल तीन सूत्र निस्संदेह मनुष्य को न सिर्फ खुद से बल्कि अपने परिवार और समाज दोनों से जोड़कर असीम शांति का अनुभव करा कर उसके तन मन और जीवन तीनों में एक नई ऊर्जा भर सकते हैं। ये तीन सूत्र हैं, जपना, कीर्त करना और वंड के छकना।

विचार

भ्रष्टाचार ही शिष्टाचार है

ट्रांसपेरेन्सी इन्टरनेशनल की ताजा रपट के अनुसार एशिया में सबसे अधिक भ्रष्टाचार यदि कहीं है तो वह भारत में है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र को इससे गंदा प्रमाण-पत्र क्या मिल सकता है ? इसका अर्थ क्या हुआ ? क्या यह नहीं कि भारत में लोकतंत्र या लोकशाही नहीं, नेताशाही और नौकरशाही है ? भारत में भ्रष्टाचार की ये दो ही जड़े हैं। पिछले पांच-छह साल में नेताओं के भ्रष्टाचार की खबरें काफी कम आई हैं। इसका अर्थ यह नहीं कि भारत की राजनीतिक व्यवस्था भ्रष्टाचार मुक्त हो गई है। उसका भ्रष्टाचार मुक्त होना असंभव है। यदि नेता लोग रिश्वत नहीं खाएंगे, डरा-धमकाकर पैसा वसूल नहीं करेंगे और बड़े सेठों की दलाली नहीं करेंगे तो वे चुनावों में खर्च होनेवाले करोड़ों रु. कहां से लाएंगे ? उनके रोज खर्च होनेवाले हजारों रु. का इंतजाम कैसे होगा ? उनकी और उनके परिवार की ऐशो-इसरत की जिंदगी कैसे निभेगी ? इस अनिवार्यता को अब से ढाई हजार साल पहले आचार्य चाणक्य और यूनानी दार्शनिक प्लेटो ने अच्छी तरह समझ लिया था। इसीलिए चाणक्य ने अपने अति शुद्ध और सात्विक आचरण का उदाहरण प्रस्तुत किया और प्लेटो ने अपने ग्रंथ 'रिपब्लिक' में 'दार्शनिक राजा' की कल्पना की, जिसका न तो कोई निजी परिवार होता है और न ही निजी संपत्ति। लेकिन आज की राजनीति का लक्ष्य इसका एक दम उल्टा है। परिवारवाद और निजी संपत्तियों के लालच ने हिंदुस्तान की राजनीति को बर्बाद करके रख दिया है। उसको ठीक करने के उपायों पर फिर कभी लिखूंगा लेकिन नेताओं का भ्रष्टाचार ही नौकरशाहों को भ्रष्ट होने के लिए प्रोत्साहित करता है। हर नौकरशाह अपने मालिक (नेता) की नस-नस से वाकिफ होता है। उसे उसके हर भ्रष्टाचार का पता या अंदाज होता है। इसीलिए नौकरशाह के भ्रष्टाचार पर नेता उंगली नहीं उठा सकता है। भ्रष्टाचार की इस नारकीय वैतरणी के जल का सेवन करने में सरकारी बाबू और पुलिसवाले भी पीछे क्यों रहें ? इसीलिए एक सर्वेक्षण से पता चला था कि भारत के लगभग 90 प्रतिशत लोगों के काम रिश्वत के बिना नहीं होते। इसीलिए अब से 60 साल पहले इंदौर में विनोबाजी के साथ पैदल-यात्रा करते हुए मैंने उनके मुख से सुना था कि आजकल भ्रष्टाचार ही शिष्टाचार है। हमारे नेताओं और नौकरशाहों को गर्व होना चाहिए कि एशिया में सबसे अधिक शिष्ट (भ्रष्ट) होने की उपाधि भारत को उन्हीं की कृपा से मिली है।

अब कौन गठबंधन कांग्रेस को अपने कंधे पर टांगेगा !

शिवकुमार विवेक

> क्या आपको याद है कि पिछले लोकसभा चुनाव के बाद कोई गंभीर समीक्षा की गई हो। राज्यों में चुनाव या उपचुनाव के बाद ईमानदार मंथन किया किया हो। तेईस नेताओं ने पिछले दिनों चिट्ठी लिखकर संगठन और आलाकमान की रीति-नीति पर बहस करने की माँग की तो एक दिखावटी बैठक करके उस पर पानी डाल दिया गया। अब फिर बिहार में हार के बाद तारिक अनवर सरीखे कुछ नेताओं ने इसी तरह की बात की है तो उसे भी चतुराई से दरकिनार किया जाएगा। आलाकमान के आसपास मौजूद कुछ नेता हर आलोचना को कवच पर रोककर गांधी परिवार को सुरक्षित कर लेते हैं।

कांग्रेस को कंधे पर टांगकर भारतीय जनता पार्टी को खदेड़ने का मंसूबा रखना महँगा पड़ रहा है। कांग्रेस उनके ऊपर बोझ बनने लगी है। बिहार के नतीजे यही कहते हैं। परिणामों को मोटे तौर पर देखने वाले भी जान गए कि यदि कांग्रेस अपने खाते की सीटों को बुरी तरह न खोती तो महागठबंधन सत्ता में आ सकता था। आखिर वह बहुमत के आँकड़े से बारह सीटें ही पीछे रहा। कांग्रेस वैसे पिछले चुनावों में काफी खराब प्रदर्शन करती आ रही है। लेकिन वह उसका अपना मामला था। पर बिहार में सिर्फ उसका भाग्य नहीं परखा जा रहा धा, उसके सहयोग से सत्ता का दाँव खेल रहे महागठबंधन के लिए उसकी जरूरत थी। महागठबंधन का नेतृत्व कर रहे राष्ट्रीय जनता दल ने उसे 70 सीटें प्रदान कीं जिनमें से वह सिर्फ 19 ही जीत सकी। उसकी सफलता का प्रतिशत (स्ट्राइक रेट) मात्र 27 रहा। जो सबसे कम है। यहाँ तक कि वामपंथी दलों से भी कम।

बिहार में राजद ने कांग्रेस पर कुछ ज्यादा ही भरोसा किया। दूसरी तरफ कांग्रेस ने भी अपनी जीर्ण-शीर्ण हालत को नज़रअंदाज़ करके ज्यादा सीटें माँगीं। जिन पर लड़ने के लिए उसे उम्मीदवार तक नहीं मिले। अब कांग्रेस में पछतावा क्या होगा, राजद और महागठबंधन के दूसरे दल जरूर पछता रहे होंगे। और बिहार ही क्या, जिन राज्यों में उपचुनाव हुए, उनमें भी कांग्रेस ने बेहद निराशाजनक प्रदर्शन किया। उत्तरप्रदेश को देख लीजिए जहाँ प्रियंका गांधी को राज्य का बागडोर सौंपी गई। कांग्रेस ने पिछले महीने ही वहाँ हाथरस में जबर्दस्त प्रदर्शन कर योगी आदित्यनाथ सरकार को घेरा था। प्रियंका व राहुल दोनों ही वहाँ पहुँचे थे। तब लगा था कि कांग्रेस ने नए सिरे से खड़ा होने की कोशिश कर रही है। लेकिन हाल के उपचुनाव में उसे उप्र की सात में से एक भी सीट नहीं मिल सकी। और तो और, प्रदेश अध्यक्ष अजय सिंह लल्लू के गृह जिले देवरिया की सीट पर उसे केवल 300 वोट मिले। असल में कांग्रेस लथपथा रही है। राष्ट्रीय पार्टी और सवा सदी से अधिक पुरानी विरासत के कारण उसे ज्यादा आंक लिया जाता है। राहुल गांधी के तेवरों की तारीफ़ से लगने लगता है कि कोई नेता है जो प्रधानमंत्री को चुनौती दे रहा है। यह मीडिया और बुद्धिजीवियों को भाता है क्योंकि सभी एक मजबूत विपक्ष के पैरोकार हैं।

लेकिन चुनावी नतीजों में यह सोच और उम्मीद पोची साबित होती है। 2018 में तीन राज्यों-मध्यप्रदेश, राजस्थान व गुजरात जिसके बाद छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव में सफलता का सेहरा सभी ने राहुल गांधी के सिर पर बाँधा लेकिन सच यह था कि वह न राहुल की सफलता थी, न कांग्रेस के प्रयासों की परिणाम। राजस्थान में वसुंधरा और मध्यप्रदेश में तत्कालीन शिवराज सरकार से जो नाराजगी थी, उसे जनता ने प्रकट किया। यही छत्तीसगढ़ में तत्कालीन सत्तारूढ़ भाजपा सरकार के मामले में हुआ। इन राज्यों में दो दलीय चुनाव होते हैं। मतदाता के सामने तीसरा मजबूत विकल्प नहीं है जिससे कांग्रेस, जैसी भी हो, चुनना पड़ता है। यह कांग्रेस का पॉजीटिव वोट नहीं होता, भाजपा का निगेटिव वोट डलता है। कांग्रेस ने इसे अपनी ताकत समझने की भूल की। दिल्ली, बिहार, आँध्र, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, झारखंड आदि गिन लीजिए, जहाँ तीसरा मजबूत क्षेत्रीय दल मौजूद है, कांग्रेस खड़ी नहीं हो पाई।

कांग्रेस की दिक़्क़त यह है कि न तो उसके पास ढाँचा है और न सोच। सिद्धांतों की किताब लेकर उसकी नई पीढ़ी उनके हर्फ़ समझ नहीं पा रही। राहुल गांधी रोज ट्वीट करके भाजपा की केन्द्र सरकार पर निशाना साधते हैं जिससे सभी उनकी सक्रियता पर खुश होते हैं लेकिन राहुल संगठन को खड़ा करने के लिए क्या करते हैं? सच तो यह है कि संगठन या सांगठनिक नीतियों पर कोई गंभीर लोकतांत्रिक चर्चा ही नहीं होती।

क्या आपको याद है कि पिछले लोकसभा चुनाव के बाद कोई गंभीर समीक्षा की गई हो। राज्यों में चुनाव या उपचुनाव के बाद ईमानदार मंथन किया किया हो। तेईस नेताओं ने पिछले दिनों चिट्ठी लिखकर संगठन और आलाकमान की रीति-नीति पर बहस करने की माँग की तो एक दिखावटी बैठक करके उस पर पानी डाल दिया गया। अब फिर बिहार में हार के बाद तारिक अनवर सरीखे कुछ नेताओं ने इसी तरह की बात की है तो उसे भी चतुराई से दरकिनार किया जाएगा। आलाकमान के आसपास मौजूद कुछ नेता हर आलोचना को कवच पर रोककर गांधी परिवार को सुरक्षित कर लेते हैं। ऐसे ही नेताओं में से एक वरिष्ठ दिग्विजय सिंह यह माँग करने की बजाय कि बिहार की हार पर गंभीर चर्चा की जाए, कहते हैं कि नीतीश कुमार तेजस्वी यादव के साथ आ जाएँ। यह मुद्दे से भटकाने की कोशिश है। जब तक कांग्रेस दूसरों की विफलता से मिल रहे प्रतिसाद पर खुश होती रहेगी या अपने भीतर झाँकने का माद्दा पैदा नहीं करेगी तब तक उद्धार नहीं होगा। अब तो उसे राष्ट्रीय गठबंधनों में शामिल करने में भी नेता परहेज़ करेंगे। ऐसे में भी यदि उसके नेता गांधी परिवार की गणेश परिक्रमा से निकलकर गंभीर चिंतन नहीं करेंगे तो वह इतिहास की नियति को नहीं मिटा सकेगी। उन्हें यह समझना होगा कि गांधी परिवार उसके आंतरिक बिखराव को रोकने के लिए जरूरी हो सकता है, पार्टी के कायाकल्प और जनजुड़ाव के लिए अपरिहार्य नहीं है। (लेखक मध्यप्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार हैं।)

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

शाम की गंगा आरती के समय

शाम की गंगा आरती के समय सुना है घाट पर आते है स्वयं महादेव मुझे भी जाना है ठीक तभी शायद मिल जायें चरण छू कर माँग लूँगी आशिर्वाद अगले जन्म का भी साथ तुम्हारा मेरा मोक्ष इसी बंधन में है कहीं। **सरिता त्रिवेदी**

केंसर जैसे रोग से लड़कर रहते साथ

केंसर जैसे रोग से,लड़कर रहते साथ । करते अपने काम हैं, फैलाते क्यों हाथ। फैलाते क्यों हाथ, रहे हम आत्म विश्वासी। मांगे किससे भीख, भगे जो सत्यानासी। छोड़े थे मझधार, अभी वो बातें सेंसर। करते नियमित जांच, तभी हम लड़ते केंसर ।।

नवीन कुमार तिवारी

खास पाती | कैसी-कैसी होती बातें खुशियाँ

कैसी-कैसी होती बातें। खुशियाँ-ग़म सब ढोती बातें।। प्यार-मुहब्बत नफ़रत करती, जीती-मरती रोती बातें। मज़हब के धागों में उलझी, रिश्ते दिल के खोती बातें। प्रेम, घृणा, शक उपजाती हैं, जाने क्या-क्या बोती बातें। रात-दिवस परछाई जैसी, जगती उठती सोती बातें। बन जाती जब सच की साथी, मैल हृदय का धोती बातें। चुप्पी साध 'अधर' बैठें पर, मन के अन्दर होती बातें।। **शुभा शुक्ला मिश्रा**

डिजिटल जमाना है आना ना

डिजिटल जमाना है आना ना जाना है फिर भी न जाने क्यूँ ढूँढ़ता बहाना है सर्दी का मौसम है रोज थोड़े नहाना है। कोरोना काल है ऑफिस नहीं जाना है शर्ट अच्छी पहन ले मेहनताना पाना है रूठे जो बॉस अगर जल्दी से मनाना है काम दूना करना होगा अच्छा ग़र कमाना है कसरत कर घर पर ही बाहर नहीं जाना है। **जे डी कुदाल**

धूप में भी छांव में भी, वो झुलस

धूप में भी छांव में भी, वो झुलस जाते हैं फिर भी जाने क्यों, घर से निकल आते हैं! अपनी गरीबी का, दे देकर हवाला खूब जीत बाद अमीरों सा, खाना वो खाते हैं। व्यवस्था नहीं अस्पतालों में,वो भी जानते होंगे इसीलिए भाषणों से, दर्द खूब सहलाते हैं। थाने से चंद कदम दूर, लूट जाती है आबरू थानेदार सिपाही को, जाने कहाँ टहलाते हैं अपनी अपनी सत्ता में, चुप्पी वैसे ही मुद्दे पर हो सत्ता विरोधी का तब,हल्ला खूब मचाते हैं खबर सबकी रखते हैं, इतने भी बेखबर नहीं फिर भी खबर देख ,बेखबर वो बन जाते हैं। **संत आर. थवाईत**

आईने में कुछ बेमानी होता देख

आईने में कुछ बेमानी होता देख रही हूँ कभी था पत्थर अब पानी होता देख रही हूँ मुझसे तो खामोश चले थे ये अलफाज़ तेरे लब पर ये क्या तूफानी होता देख रही हूँ मुद्दत से एक बिगड़ा बादल खिड़की पर इक अदा पर मेरी रूमानी होता देख रही हूँ। **कल्पना पाण्डेय**

फ़िज़ां में गूंजती है चीख़ शायद

फिज़ां में गूंजती है चीख़ शायद फिर हुए दंगे नहीं सुनते किसी की लोग ये हैं आँख के अंधे सियासत खेलती है खेल कितने आज ये देखो बने फिरते शरीफों से, ये नेता हो गए नंगे। **संजय कुमार गिरि**

सांझ का दीपक आशान्वित करता

सांझ का दीपक आशान्वित करता है सकारात्मक उर्जा को आलोक चक्र में महसूस कराता है दीपक के चारों ओर छिटका प्रकाश नन्हीं किरणों की आभा तेजोमय हो मुखर हो उठती है रोशनी सुकून देती है निरंतर निहार रहे ऐसा लगता है। **अर्विना गहलोत**

दिल्ली की तीन करोड़ की आबादी

दिल्ली की तीन करोड़ की आबादी में 110 व्यक्ति प्रतिदिन कोरोनावायरस से मर रहे हैं अगर गलती से केजरीवाल प्रधानमंत्री होता तो 130 करोड़ की आबादी में प्रतिदिन कोरोनावायरस से कितने व्यक्ति मरते पहले सही जवाब देने वाले बीस व्यक्तियों को आम आदमी पार्टी की तरफ से चुनावों में टिकट दिया जाएगा।

नवीन शंकर शर्मा

QUIZ TIME

1) छत्तीसगढ़ राज्य का 75 प्रतिशत हिस्सा किस नदी के कछार के अन्तर्गत आता है? (महानदी / शिवनाथ)

2) बारसूर में इन्द्रावती नदी पर बनने वाली सातधारा जलप्रपात में बोध धारा, पाण्डव धारा, कृष्ण धारा, शिव धारा, वाण धारा एवं शिवचित्र धारा हैं। इसके साथ सातवां धारा कौन-सी है?

3) बस्तर का प्रवेश द्वार किसे कहा जाता है?

4) राज्य का सबसे बड़ा वन अभयारण्य तमोर पिंगला कब सूचांकित हुआ था?

5) छत्तीसगढ़ में सबसे ऊँचा जलाशय कौन-सा है?

Ramaquiz

उत्तरमाला-(1) महानदी (2) कपिलधारा (3) केशकाल (4) 20 सितम्बर, 1978 (5) मिनीमाता जलाशय

आज का इतिहास

नयी दिल्ली (वार्ता)। भारत और विश्व के इतिहास में 28 नवंबर की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैं-

1520- फर्डिनान्द मैगलन ने प्रशांत महासागर को पार करने की शुरुआत की।

1660- लंदन में द रॉयल सोसायटी का गठन हुआ।

1676- बंगाल की खाड़ी के तट पर पूर्वी भारत के उपजाऊ क्षेत्र और महत्वपूर्ण बंदरगाह पुडुचेरी पर फ़्रांसीसियों का कब्जा।

1814- द टाइम्स ऑफ लंदन को पहली बार स्वचालित प्रिंट मशीन से छापा गया।

1821- पनामा ने स्पेन से आजाद होने की घोषणा की।

1893- न्यूजीलैंड में राष्ट्रीय चुनाव में पहली बार महिलाओं ने मतदान किया।

1912- इस्माइल कादरी ने तुर्की से अल्बानिया के आजाद होने की घोषणा की।

1954- महान भौतिकशास्त्री एनरिको फर्मी का निधन।

1956- चीन के प्रधानमंत्री चाऊ एन लाई भारत आए।

1962- बंगाल के प्रसिद्ध दृष्टिहीन गायक के सी डे का निधन।

1966- डोमनिकन रिपब्लिक ने संविधान अपनाया।

1996- कैप्टन इन्द्राणी सिंह एयरबस ए-300 विमान को कमांड करने वाली पहली महिला बनी। 1997- पूर्व प्रधानमंत्री आई के गुजराल ने अपने पद से इस्तीफा दिया। 2012- सीरिया की राजधानी दमिश्क में दो कार बम धमाकों में 54 मरे और 120 घायल हुये।

अरबाज के साथ काम करेंगे विवेक ओबेराय

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता विवेक ओबेराय , अरबाज खान के साथ हॉरर फिल्म में साथ काम करते नजर आयेंगे। सलमान खान और विवेक ओबरॉय के बीच गहरा विवाद रहा है। दोनों कई सालों से एक-दूसरे से बात नहीं करते हैं। बताया जा रहा है कि विवेक और अरबाज साथ काम करने जा रहे हैं। विवेक ओबेराय और अरबाज खान हॉरर फिल्म 'रोजी- द सैफरन चैप्टर' में एक साथ काम करने जा रहे हैं। इस फिल्म का निर्माण विवेक ओबरॉय ही कर रहे हैं और इसमें वो लीड किरदार भी अदा करेंगे। यह एक रियल लाइफ कहानी पर आधारित फिल्म होगी, जिसमें श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी मुख्य किरदार निभाती दिखेंगी।

फिल्म की निर्माता प्रेरणा अरोरा ने बताया है, 'मुझे खुशी है कि हमारी फिल्म में अरबाज खान की एंट्री हुई है, वो कमाल के निर्माता और निर्देशक हैं। हम इस फिल्म को शुरू करने के लिए काफी उत्साहित हैं और अरबाज खान के आने के बाद यह उत्साह काफी बढ़ गया है। फिल्म की कहानी 18 साल की लड़की रोजी की है, जो अचानक से गायब हो जाती है।

रितेश से शादी का फैसला लिया तो लोग मुझे कहते थे कि मेरा करियर खत्म है : जेनेलिया

बॉलीवुड एक्ट्रेस जेनेलिया डिसूजा सालों बाद फिल्म 'इट्स माय लाइफ' से बड़े पर्दे पर वापसी करने जा रही हैं। जेनेलिया ने एक इंटरव्यू में अपनी प्रोफेशनल से पर्नसल लाइफ तक के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि जब वह शादी करने जा रही थीं तो लोगों ने कहा था कि करियर खत्म हो जाएगा।

जेनेलिया से सवाल पूछा गया कि लोगों ने आपको स्क्रीन बहुत मिस किया। आपने शादी के बाद मदरहुड को एन्जॉय किया। क्या आप अब एक्टिंग की दुनिया में वापसी के लिए तैयार हैं? पिंकविला से बातचीत में जेनेलिया ने कहा, 'मैं उम्मीद करती हूं कि मुझे ज्यादा काम मिलेगा। मुझे नहीं पता कि किस तरह के रोल मुझे मिलेंगे या फिर इंडस्ट्री किस तरह से मेरा वेलकम करेगी। ईमानदारी से कहूं तो जब मैं शादी करने वाली थी, तो मेरी तरफ से साफ था कि मैं समय परिवार के साथ बिताना चाहती हूं। इसके पहले मैंने बहुत काम किया था। भले ही लोगों ने मुझे हिंदी सिनेमा में ज्यादा नहीं देखा, लेकिन मैंने साउथ सिनेमा में खूब काम किया है।

जेनेलिया ने आगे कहा, 'मैंने साल के 365 दिन काम किया, जिसके बाद मुझे लगा कि अब ब्रेक की जरुरत है। मैं अपने परिवार को प्राथमिकता देना चाहती थी और उसके बाद बच्चे। एक के बाद एक मैंने परिवार के साथ समय बिताया, जो कि मैं चाहती थी। जब मैं शादी करने जा रही थी, तब लोग मुझसे कहते थे कि अरे आप शादी कर रही हैं। आपका करियर ओवर हो जाएगा। मैंने सब सुना लेकिन मेरा क्लियर था कि कोई भी बात मुझे शादी करने से नहीं रोक सकती है क्योंकि मैं यह चाहती थी।

आपको बता दें कि जेनेलिया डिसूजा की फिल्म 'इट्स माई लाइफ' करीब 10 साल के बाद अब रिलीज होने जा रही है। फिल्म को डिजिटल रिलीज न मिलने के कारण इसे सीधे टीवी पर रिलीज किया जा रहा है। फिल्म 29 नवंबर को जी सिनेमा पर रिलीज होगी।



दिलीप कुमार ने सायरा के साथ शेयर की फोटो

मुंबई, (वार्ता)। बॉलीवुड के अभिनय सम्राट दिलीप कुमार ने अपनी पत्नी सायरा बानो के साथ फोटो शेयर की है जो लोगों को बेहद पसंद आ रही है।

दिलीप कुमार काफी समय से फिल्मी दुनिया से दूर हैं, लेकिन उन्होंने अपने काम और अपने फिल्मों से लोगों के दिलों में जगह बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। दिलीप कुमार अक्सर सोशल मीडिया पर एक्टिव नजर आते हैं और अपनी तस्वीरें साझा करते हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी पत्नी सायरा बानो के साथ एक फोटो शेयर की है, जिसमें वह व्हाइट कुर्ता पजामा पहने और रंगीन शॉल ओढ़े सायरा बानो के साथ पोज देते हुए नजर आ रहे हैं। फोटो में सायरा बानो भी सूट में दिखाई दे रही हैं।

गौरतलब है कि 11 अक्टूबर को सायरा बानो ने दिलीप कुमार के ट्विटर हैंडल से एक पोस्ट शेयर की थी, जिसमें उन्होंने बताया था कि यह दिन उनकी जिंदगी का सबसे खास दिन है, क्योंकि इस दिन दिलीप कुमार ने सायरा बानो से शादी की थी और उनके सपने को सच किया था।

फिंच और स्मिथ के बाद छाए जम्पा

भारत को पहले वनडे में मिली 66 रन से हार

सिडनी ए.। मेजबान ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (एससीजी) पर खेले गए पहले वनडे मैच में भारत को 66 रन से हरा दिया। ऑस्ट्रेलिया ने आरोन फिंच और स्टीव स्मिथ की सेंचुरी की मदद से 6 विकेट पर 374 का स्कोर बनाया। इसके जवाब में भारतीय टीम 50 ओवर में 8 विकेट पर 308 रन ही बना सकी। 375 रन के बड़े टारगेट का पीछा करते हुए भारत की ओर से हार्दिक पंड्या ने सर्वाधिक 90 और ओपनर शिखर धवन ने 74 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के लिए एडम जम्पा ने सबसे ज्यादा चार विकेट लिए। उनके अलावा पेसर जोश हेजलवुड ने 55 रन देकर 3 विकेट झटके।

भारत की मजबूत शुरुआत

भारत की ओर से मयंक अग्रवाल और शिखर धवन ने तेज शुरुआत की। दोनों ने 5वें ओवर में 50 रन पूरे कर लिए। मयंक अग्रवाल 22 रन बनाकर जोश हेजलवुज की गेंद को पुल करने के प्रयास में ग्लेन मैक्सवेल के हाथों कैच आउट हो गए।

कोहली को मिला जीवनदान पर नहीं उठा पाए फायदा

पैट कमिंस की गेंद पर विराट कोहली ने पुल किया। यह सातवें ओवर की तीसरी गेंद थी। गेंद में उछाल था कोहली ने उसे पुल किया लेकिन गेंद को काबू नहीं रख पाए। गेंद एडम जम्पा के पास गई। जम्पा पूरी तरह गेंद के नीचे थे। लग रहा था कि वह आसानी से कैच कर लेंगे। लेकिन वह चूक गए। लोगों ने सवाल भी किया, 'क्या यह आरसीबी का प्यार है?' लेकिन जम्पा अपने प्रदर्शन से काफी निराश नजर आए। कोहली हालांकि इस मौके का ज्यादा फायदा नहीं उठा पाए और एक और शॉर्ट बॉल को पुल करने के प्रयास में फिंच को मिड-विकेट पर कैच दे बैठे। उन्होंने 21 गेंद पर 21 रन बनाए। हेजलवुड ने इसी ओवर में एक और शॉर्ट बॉल पर श्रेयस अय्यर को आउट किया।

राहुल भी सस्ते में आउट

केएल राहुल बीते कुछ मैचों से फिनिशर की भूमिका अच्छी तरह निभा रहे थे। लेकिन इस मैच में वह असफल रहे। एडम जम्पा की ऑफ स्टंप के बाहर फुल टॉस को वह स्टीव स्मिथ के हाथों में मार बैठे। उन्होंने 12 रन बनाए।

धवन-पंड्या ने जगाई उम्मीद

भारत की ओर से शिखर धवन और हार्दिक पंड्या ने पांचवें विकेट के लिए 128 रन की साझेदारी की। पंड्या ने आक्रामक बल्लेबाजी की। उन्होंने इस दौरान वनडे इंटरनैशनल में 1000 रन भी पूरे किए। पंड्या ने 31 गेंद पर अपनी हाफ सेंचुरी पूरी की। दोनों ने भारतीय टीम की उम्मीदों को जिंदा रखा। इससे पहले, कप्तान एरॉन फिंच (114) और स्टीव स्मिथ (105) की बेहतरीन शतकीय पारियों के दम पर भारत के सामने 375 रनों का विशाल लक्ष्य रखा।

हार्दिक पंड्या ने पूरे किए वनडे इंटरनैशनल में एक हजार रन

भारत के लिए सबसे कम गेंद में हासिल किया मुकाम

सिडनी ए.। टीम इंडिया के ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या ने पूरे आईपीएल में गेंदबाजी नहीं की। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के पहले मुकाबले में भी वह सिर्फ बल्लेबाज के रूप में ही खेल रहे हैं। ऐसे में टीम में पंड्या की जगह पर भी सवाल उठ रहे थे। हालांकि सिडनी वनडे में उन्होंने अपनी भूमिका को जस्टिफाइ किया। पंड्या ने अपनी शानदार पारी के दौरान वनडे इंटरनैशनल में 1000 रन भी पूरे कर लिए। पंड्या का यह 55वां ह्रष्टढ्ढ और 39वीं पारी थी। शुक्रवार को सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबले से पहले पंड्या के नाम वनडे में 957 रन थे। एक हजार पूरे करने के लिए उसे 43 रन की जरूरत थी। पंड्या ने 23वें ओवर में ग्लेन मैक्सवेल की गेंद पर छक्का लगाकर 1000 वनडे इंटरनैशनल रन पूरे किए।

हार्दिक पंड्या ने 857 गेंद पर 1000 रन पूरे किए। वह भारत की ओर से सबसे कम गेंदों पर 1000 वनडे रन पूरे करने वाले बल्लेबाज बने। पंड्या ने केदार जाधव को पीछे छोड़ा जिन्होंने 937 गेंद पर 1000 रन पूरे किए थे।अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की बात करें तो पंड्या पांचवें नंबर पर हैं। इस लिस्ट में सबसे ऊपर आंद्रे रसल हैं। इस वेस्टइंडीज के बल्लेबाज ने 767 गेंद पर 1000 रन पूरे किए थे।

लाल निशान पर बंद हुआ शेयर बाजार, 110 अंक गिरा सेंसेक्स

नई दिल्ली ए.। वैश्विक बाजारों की तेजी के बाद भी शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार गिरावट में रहे। सुस्त कारोबार में बड़ी कंपनियों की गिरावट ने घरेलू सूचकांकों के प्रदर्शन पर असर डाला। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 110.02 अंक यानी 0.25 प्रतिशत की गिरावट के साथ 44,149.72 पर बंद हुआ। इसी तरह एनएसई का निफ्टी 18.05 अंक यानी 0.14 प्रतिशत फिसलकर 12,968.95 पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की कंपनियों में पावरग्रिड कॉरपोरेशन सर्वाधिक दो प्रतिशत से अधिक की गिरावट में रहा। इसके बाद एचसीएल टेक, ओएनजीसी, एमएंडएम, एक्सिस बैंक, टीसीएस, रिलायंस इंडस्ट्रीज और इंफोसिस का स्थान रहा। दूसरी ओर, एशियन पेंट्स, टाइटन, टाटा स्टील, बजाज फाइनेंस और बजाज ऑटो जैसे शेयर बढ़त में रहे। रिलायंस सिक्योरिटीज के रणनीति प्रमुख बिनोद मोदी ने कहा कि ज्यादातर एशियाई बाजारों ने शुरुआती गिरावट के बाद वापसी की। भारतीय सूचकांक पूरे कारोबार के दौरान नरमी में रहे। उन्होंने कहा कि हालांकि मिडकैप और स्मॉल कैप शेयरों में मजबूत खरीदारी दिखी। मुख्य सूचकांक की कंपनियों के अधिक मूल्यांकन के चलते मिडकैप शेयर निवेशकों को आकर्षित कर रहे हैं। एशियाई बाजारों में चीन का शंघाई कंपोजिट, हांगकांग का हैंगसेंग, जापान का निक्की और दक्षिण कोरिया का कोस्पी में बढ़त में रहे। यूरोपीय बाजार शुरुआती कारोबार में बढ़त में चल रहे थे। इस बीच कच्चा तेल के अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 0.67 प्रतिशत की बढ़त के साथ 48.11 डॉलर प्रति बैरल पर था।

सैनी इंडिया ने भारत में पार किया 15000 मशीन निर्माण का आंकड़ा

पुणे। निर्माण उपकरण और हैवी मशीनरी बनाने वाली अग्रणीय कंपनी- सैनी इंडिया ने अपने भारत स्थित प्लांट से हाल ही में 15000 मशीन निर्माण का आंकड़ा पार किया। कंपनी ने भारत व दक्षिण एशिया में 36 डीलरों और 150 से भी अधिक कस्टमर टच प्वाईंट के नेटवर्क का सफलतापूर्वक विस्तार किया है और बाजार में पहुंच एवं लोकप्रियता दोनों मानकों पर दबदबा बढ़ाया है। इस अवसर पर बात करते हुए दीपक गर्ग मैनेजिंग डायरेक्टर, सैनी इंडिया, साउथ एशिया ने कहा, 'हम इस महत्वपूर्ण अवसर का जश्न मनाते हुये अत्यंत खुश हैं । 15000 मशीन का उत्पादन करना एक उल्लेनीय उपलब्धि है जो स्थानीय निर्माण उपकरण बाजार के लिये हमारी प्रतिबद्धता और ग्राहकों के विश्वास पर खरे उतरने की पुष्टि करता है। यह हमारे विकास की क्षमता का प्रमाण है और हमें आगामी प्रोडक्ट रेंज में नई-नई तकनीकियां पेश करते रहने को प्रोत्साहित करता है। सैनी हैवी इंडस्टी इंडिया प्राईवेट लिमेटिड के एससीएम, आपरेशंस और आरएंडडी के सीनियर वाईस प्रेजीडेंट श्री महेश त्रिपाठी ने सभी आमंत्रितगणों का स्वागत किया और इस बात को सांझा किया कि पहली पांच हजार मशीनों को बनाने और बेचने में कंपनी को आठ से भी अधिक साल का समय लगा लेकिन अगली दस हजार मशीनों को बनाने और बेचने के लिये सिर्फ चार साल का समय लगा।

रोहित शर्मा पर फैसला 11 दिसम्बर को, इशांत टेस्ट सीरीज से बाहर

नयी दिल्ली (वार्ता)। सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा की फिटनेस पर फैसला 11 दिसम्बर को उनके अगले फिटनेस टेस्ट के बाद लिया जाएगा जबकि तेज गेंदबाज इशांत शर्मा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार टेस्टों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से बाहर हो गए हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने गुरूवार रात को जारी एक बयान में रोहित और इशांत की फिटनेस पर ताजा जानकारी देते हुए बताया कि रोहित बेंगलुरु स्थित राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में रिहैबिलिटेशन से गुजर रहे हैं और उनका अगला आकलन 11 दिसम्बर को किया जाएगा जिसके बाद ही बीसीसीआई रोहित की 17 दिसम्बर से शुरू होने वाली चार

टेस्ट मैचों की सीरीज में भागीदारी पर कोई फैसला लेगा।

जय शाह ने बताया कि रोहित आईपीएल में अपनी टीम मुंबई इंडियंस को पांचवीं बार चैंपियन बनाने के बाद अपने बीमार पिता को देखने के लिए मुंबई आ गए थे। उनके पिता की हालत में अच्छा सुधार हो रहा है जिससे उन्हें एनसीए की यात्रा करने और अपना रिहैबिलिटेशन शुरू करने की अनुमति मिल गयी। बीसीसीआई ने बताया कि जहां तक इशांत की बात है तो वह अपनी पसलियों के खिंचाव से पूरी तरह उबर चुके हैं लेकिन टेस्ट मैच फिटनेस हासिल करने तक इशांत बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से बाहर हो गए हैं। इससे पहले तक खबर आ रही थी कि रोहित और इशांत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले दो टेस्ट से बाहर हो गए हैं। रोहित हैमस्ट्रिंग चोट से और इशांत पसलियों में खिंचाव की परेशानी से उबर रहे हैं। दोनों को यह चोट यूएई में आईपीएल के दौरान लगी थी। इशांत तो आईपीएल बीच में छोड़कर स्वदेश लौट आये थे जबकि रोहित अपनी टीम मुंबई इंडियंस को पांचवीं बार आईपीएल चैंपियन बनाकर स्वदेश लौटे थे।

आंसुओं के सैलाब में फुटबॉल के भगवान को अंतिम विदाई

ब्यूनस आयर्स (वार्ता)। फुटबॉल के जादूगर अर्जेंटीना के लीजेंड फुटबॉलर डिएगो माराडोना को उनके प्रशंसकों ने आंसुओं के सैलाब में गुरुवार को अंतिम विदाई दी। 1986 फीफा विश्वकप में अर्जेंटीना को खिताबी जीत दिलाने में अहम योगदान अदा करने वाले माराडोना का बुधवार को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था। वह 60 वर्ष के थे। उनके अकास्मिक निधन से दुनियाभर में खेल प्रशंसक सहित खेल जगत की तमाम हस्तियां स्तब्ध रह गयी और सभी ने उन्हें अपनी श्रद्धांजलि दी। माराडोना को ब्यूनस आयर्स शहर के बाहर बेला विस्ता कब्रिस्तान में दफनाया गया जहां उनके माता-पिता को भी दफनाया गया था। कोरोना वायरस के कारण इसमें उनके परिवार के सदस्य और करीबी मित्र शामिल हुए। माराडोना के निधन के बाद अर्जेंटीना में तीन दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की गयी थी। अपने चहेते खिलाड़ी को अंतिम विदाई देने के लिए कोरोना की चिंता किए बिना हजारों लोगों की भीड़ सड़क पर मौजूद थी। उनके अंतिम दर्शन के लिए लगभग एक किलोमीटर लंबी लाइन लगी थी। बढ़ती भीड़ को देखते हुए जब पुलिस ने पैलेस बंद करने की कोशिश की तो माराडोना के भावुक प्रशंसक और पुलिस के बीच हिंसक झड़प हुई।

कोरोना काल में जन आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभा रही सेल

नयी दिल्ली (वार्ता)। इस्पात निर्माता कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफइंडिया लिमिटेड (सेल) सभी सरकारी दिशानिर्देशों को प्रभावी तरीके से लागू करते हुए, कोविड ङ्क 19 महामारी से निपटने के लिए 'जन-आंदोलन' में बड़ी भागीदारी निभा रही है।

सेल ने आज जारी विज्ञप्ति में बताया कि वह अपने संयंत्रों में स्थित अस्पतालों के जरिये संयंत्रों, इकाइयों और कार्यालयों के आस-पास के क्षेत्रों में अब तक 5,000 से भी अधिक कोरोना मरीजों का उपचार कर चुकी है। इसके साथ ही कंपनी ने कोरोना से बचाव की दिशा में बड़े पैमाने पर कदम उठाते हुए नयी दिल्ली स्थित कॉरपोरेट कार्यालय समेत सभी संयंत्रों और इकाइयों में कोरोना महामारी से निपटने का व्यापक ढांचा विकसित किया है। सेल ने कहा कि केंद्रीय इस्पात मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने त्योहारी मौसम की शुरू होने से पहले सेलकर्मियों को दिये अपने संदेश में कहा था कि कोविड-19 महामारी ने लोगों के जीने, काम करने, सोचने और भविष्य की योजनाओं को बदलकर रख दिया है। उन्होंने कहा था कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने कोरोना महामारी के प्रसार को जल्द से जल्द रोकने के लिए, कोविड- 19 से निपटने के ज़रूरी उपायों और जानकारी के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए जन-आंदोलन का आह्वान किया है।सेल इस कोरोना काल में अपने कार्मिकों और उनके परिवारों के बीच ज़रूरी चिकित्सा सेवाओं के साथ- साथ अन्य आवश्यक सामग्रियों की आपूर्ति करने में जुटी है। सेल ने अपने विभिन्न संयंत्र के अस्पतालों में कोविड-19 मामलों को निपटने के लिए लगभग 330 आइसोलेशन वार्ड, 600 से अधिक क्वारंटाइन सुविधा और 80 से अधिक आईसीयू बेड की व्यवस्था सुनिश्चित की है। सेल ने शुरुआत में ही कोविड-19 की समस्या का आकलन कर लिया था और इससे निपटने के लिए तत्काल प्रभाव से बड़े पैमाने पर ठोस कदम उठाने शुरू कर दिये थे।

नगर पंचायत के कर्मचारी उतरे सड़क पर, बिना मास्क के घूमने वालों पर की चलानी कार्यवाही

अंतागढ कांकेर (नवप्रदेश)। प्रशाशन हुआ फिर सख्त । कोरोना वायरस के तीसरे चरण में लगातार कोरोना संक्रमण बढ़ता जा रहा संक्रमण फैलने की आशंकाएं लगातार बढ़ती जा रही है और लोग बेपरवाह होकर सड़क पर घूम रहे ।अगर कांकेर जिले की बात की जाए तो संक्रमित व्यक्तियों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है लेकिन आम जन बेपरवाह घूम रहे है, शाशन के आदेश को पालन करवाने नगर पंचायत अंतागढ के कर्मचारी पुलिस बल के साथ सड़क पर बिना मास्क के घूमने वालो को चालानी कार्यवाही के साथ भविष्य में बिना मास्क के न घूमने की हिदायत देते नजर आए। आपको बता दे कि आज नगर पंचायत के शाम 4 बजे तक 12000 रु की चलानी कार्यवाही की। जहाँ कोरोना वायरस से लगातार संक्रमण बढ़ता जा रहा है स्कूल भी संक्रमण को देखते हुए बंद किये गए सरकार कोरोना वायरस के संक्रमण से बचने के हर उपाय लोगो को बता रही है कि जब तक वैक्सीन नही तब तक मास्क और सेनेटाइजर है इसकी दवा है इसे गंभीरता के साथ पालन करवाने की हर पुरजोर प्रयाश प्रशाशन कर भी रहा है। लेकिन शायद रियायत जो सरकार ने बाजोरो और अन्य संस्थाओं को खोलने की दी है कि आमजन परेशान न हो । लेकिन लोग समझने को तैयार नही और स्वमं की जान और परिवार की जान जोखिम में डालकर बेपरवाह घूम रहे है लगातर बेपरवाह बिना मास्क के घूमने वालो पर चलानी कार्यवाही कर मास्क लगाने और भविष्य में ऐसी गलती न करने की समझाईस दी जा रही है। निश्चित रूप से लोगो को भी समझना होगा कोरोना की जंग अगर जितना है तो मास्क और सेनेटाइजर जरूरी है क्योंकि वर्तमान में ये ही दो ऐसे विकल्प है जो संक्रमण फैलने से आपको सुरक्षित रख सकता है

थाना बगीचा थाना क्षेत्र में दुष्कर्म करने वाला आरोपी हुआ गिरफ्तार

अंतागढ़ (नवप्रदेश)। थाना बगीचा में दिनांक 25/11/20 को प्रार्थीया थाना बगीचा आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि विकाश चौहान से

उसका पूर्व में परिचय हुआ था दोनों एक दूसरे को पसंद करते थे कि बोड़ापहरी मेला दिनांक 21/02/20 को दोनों देखकर वापस आते समय आरोपी विकाश चौहान निवासी बंबा के द्वारा शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण किया जिस पर से प्रर्थीया गर्भवती हो गई , गर्भवती होने की बात विकाश को बताने से विकाश चौहान के द्वारा शादी करने से इंकार कर दिया , जिस पर पीड़िता क्षुब्ध होकर थाना बगीचा रिपोर्ट दर्ज कराई जिस पर थाना बगीचा में अपराध क्र0 207/20धारा 376 आईपीसी, 4,6 पास्को एक्ट कायम कर विवेचना में लिया जी एवम् तत्काल कार्यवाही करते हुए आरोपी विकाश चौहान पिता कृष्णा 19 वर्ष ग्राम बंबा थाना बगीचा को गिरफ्तार कर दिनांक 26/11/20को न्यायालय पेश किया गया । प्रकरण में पुलिस अधीक्षक जशपुर श्री बालाजी राव (भा.पु.से.) ,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सु श्री उनैजा खातून , एसडीओपी कुनकुरी मनीष कुंवर के दिशा निर्देश पर थाना प्रभारी बगीचा भास्कर शर्मा, ए एस आई आभास मिंज , प्र.आरक्षक मिथिलेश यादव पुष्पा पैकरा , राजकुमार मनहर की प्रकरण की गिरफ्तारी में अहम भूमिका रही।

गौठानों में वर्मी कम्पोस्ट का विक्रय शुरू

कांकेर। जिले के गौठानों में वर्मी कम्पोस्ट का विक्रय शुरू हो गया है। गौठानों में खरीदे गये गोबर से महिला स्व-सहायता समूह के द्वारा वर्मी कम्पोस्ट तैयार किया जा रहा है, जिसे किसानों एवं शासकीय एजेंसियों को सहकारी समितियों के माध्यम से विक्रय किया जा रहा है। वर्मी कम्पोस्ट खरीदने के इच्छुक व्यक्ति को सबसे पहले अपने क्षेत्र के सहकारी समिति में जाकर पर्ची अथवा टोकन प्राप्त करना होता है और उसके बाद उसे गौठान समिति के पास जाकर पर्ची को दिखाना होता है, जिसके आधार पर उसे गौठान से वर्मी कम्पोस्ट प्रदाय किया जाता है। कांकेर जिले के गौठानों से अब तक 02 लाख 46 हजार 400 रूपये के 308 क्विंटल वर्मी कम्पोस्ट का विक्रय किया जा चुका है। कोयलीबेड़ा विकासखण्ड के हरनगढ़ गौठान में 35 क्विंटल, दुर्गूकोंदल के कर्रामाड़ में 47 क्विंटल व डांगरा में 03 क्विंटल, अंतागढ़ के पोड़गांव में 35 क्विंटल, कांकेर के गढ़पिछवाड़ी में 40 क्विंटल, भानुप्रतापपुर के मुंगवाल में 35 क्विंटल, नरहरपुर के मानिकपुर में 40 क्विंटल एवं कन्हनपुरी में 07 क्विंटल, चारामा के लखनपुरी में 27 क्विंटल, चारामा में 26 क्विंटल, भुईगांव में 15 क्विंटल और तारसगांव के गौठान सें 15 क्विंटल वर्मी कम्पोस्ट का विक्रय प्रति किलो 08 रूपये की दर से किया गया है। वर्तमान में जिले के 42 गौठानों में 799 क्विंटल वर्मी कंपोस्ट विक्रय के लिए उपलब्ध है, जिसे 30 किलो, 05 किलो एवं 02 किलो के बैग में पैकिंग किया गया है।

लंबित मांगो को लेकर छ.ग. लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ करेगा चरणबद्ध आंदोलन

कांकेर। छत्तीसगढ़ लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ पंजीयन क्रमांक 079/2001 के जिलाध्यक्ष शेख शरीफ ने छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय आह्वान पर आयोजित चरणबद्ध आंदोलन में सभी लिपिक वर्गीय कर्मचारियों को सम्मिलित होने हेतु अनुरोध किया है । फेडरेशन की प्रमुख मांगो में सबसे पहले लिपिक वेतन विसंगति निराकरण एवं कर्मचारियों के जुलाई 2019 एवं जनवरी 2020 के लंबित महंगाई भत्तें का स्वीकृति आदेश, छ.ग. वेतन पुनरीक्षण नियम 2017 का बकाया एरियर्स के भुगतान, लंबित पदोन्नति, क्रमोन्नति, समयमान आदि का लाभ समय-सीमा में प्रदाय किये जाने, छ.ग. वेतन पुनरीक्षण नियम 2017 के मूल वेतन के आधार पर 10 प्रतिशत गृह भाड़ा भत्ता तथा राज्य में पुरानी पेंशन बहाली सहित अन्य कई मांग प्रमुख है।

भगवा पद यात्रा का आगाज, झारखंड बॉर्डर तक चलेगी यात्रा

■ **खुड़िया दीवान ने अंचल के प्राचीन मंदिर से बैगाओं ने की पूजा अर्चना और शुरू हुई यह पद यात्रा**

नवप्रदेश संवाददाता

अंतागढ़। जिले के पाठ क्षेत्र याने की बग़ीचा के खुड़िया इलाके से एक यात्रा आज से शुरू हो गयी है, जिसे झारखंड बॉर्डर के शंख नदी तक पहुंचना है, और यह पद यात्रा की शुरुआत और शंखनाद की शुरुआत की है खुड़िया दीवान प्रदीप नारायण सिंह ने ! आज से शुरू हुए इस यात्रा की शुरुआत खुड़िया क्षेत्र के हर्राडीपा से हुई है। दरअसल ये यात्रा भगवा ध्वज तले थामे खुड़िया दीवान चल रहे हैं, जहां हर्राडीपा के प्राचीन मंदिर मां खुड़िया रानी माता भगवती की पूजा अर्चना के साथ यह पद यात्रा आज से शुरू हुई है, और गांव में मंगलकामनाओं के साथ इस ध्वज को ग्रामीणों के साथ गुजरने वाले हर गांव के सार्वजनिक स्थानों पर यह स्थापित किया जा रहा है कि जिन जगहों गांव से यह यात्रा गुजरेगी, वहां एक भगवा बयार के साथ यही कामना के साथ ध्वज स्थापित किया जा रहा है कि

जशपुर की हर गांव गली तक खुशहाली छाए।

जशपुर में शुरू हुए इस यात्रा के मायने बहुत हैं, क्योंकि यहां की राजनीति भी इसी भगवा के इर्द गिर्द घूमती है। अब इसको सियासत कहलें या मंगलकामनाओं और खुशहाली की डगर। राजनीतिक जानकारों की माने तो सियासत के एक नए डगर की शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है, वहीं ग्रामीण आस्थाओं और परम्पराओ के साथ यह ÷भगवा यात्रा÷ जशपुर के आदिवासी इलाकों के गांव गलीयों से गुजरेगी तो सही, पर इसे एक नए जशपुर के उदय को परिभाषित करने की पूरी मशक्कत है। जैसे जैसे यह भगवा यात्रा आगे बढ़ेगी कहा यही जा रहा कि सियासतदानों के दम भी फूलेंगे।

चेहरा और चमक लिए इस यात्रा को कोरवाओं ने गांव के बैगाओं ने अपनी इष्ट देवी खुड़िया रानी के आराधाना के साथ गांवो में एक भगवा संदेश को स्थापित करने का पूरा आलम होगा। वहीं यात्रा में कई चेहरे अब आगे जुड़ सकते हैं जो राजनीतिक परिपाटी के द्वंद्व में हमेशा शामिल रहे हैं। फ़िलहाल यह भगवा पद यात्रा निकल पड़ी है जो जशपुर के हर गांव गली के खुशहाली की कामना के साथ भगवा को स्थापित करते हुए झारखंड बॉर्डर यानी शंख तक पहुंचेगी, फ़िलहाल यह यात्रा आस्था के उस केंद्र से निकली है, जो जशपुर के आदिवासी समाज को शक्तिपीठ खुड़िया रानी से सीधे जोड़ती है। इन सबके बीच इस यात्रा में उस सियासत के दायरे में देखने से बचा जा रहा है जो राजनीतिक होता है।

महामहिम राष्ट्रपति के नाम भाकपा ने सौंपा ज्ञापन

■ **जन, मजदूर व किसान विरोधी नितियों के संबंध पर**

कोण्डागांव। भारतीय कम्युनिष्ट पार्टी जिला कोण्डागांव ने केंद्रीय सरकार की जन विरोधी, मजदूर विरोधी, किसान विरोधी नितियों का विरोध करते हुए, ऐसे तमाम जन विरोधी नितियों को केंद्रीय सरकार द्वारा वापस लेने का निर्देश जारी करने हेतु एक ज्ञापन महामहिम राष्ट्रपति को जिला अधिकारी कोण्डागांव के माध्यम से प्रेषित किया। भाकपा जिला सचिव तिलक पाण्डे ने जानकारी देते हुए बताया कि भाकपा द्वारा अपने ज्ञापन में लेख किया गया है कि केंद्रीय सरकार द्वारा एक के बाद एक निरंतर जन विरोधी, मजदूर विरोधी, किसान विरोधी नितियों को न केवल बनाया जा रहा है, बल्कि बहुमत में होने का बेजा फायदा उठाते हुए, मन मर्जी तरीके से ऐसे विधेयकों को संसद में पारित कराकर आमजनों, मजदूरों व किसानों पर ऐसी विरोधी नितियों को थोपा भी जा

रहा है। जिससे देश के आमजन, मजदूर व किसान सभी बेहद परेशान हो रहे हैं। उक्त परेशानियों के मद्देनजर ही केंद्रीय ट्रेड यूनियनों व राष्ट्रीय फेडरेशनों के आव्हान पर 26 नवम्बर 2020 को मजदूरों व कर्मचारियों की राष्ट्रव्यापी हड़ताल रखकर विभिन्न मांगों को महामहिम राष्ट्रपति के समक्ष रखी जाकर, उन पर गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए ऐसे तमाम जन विरोधी नितियों को वापस लेने हेतु केंद्रीय सरकार को निर्देश जारी करने का आग्रह किया जा रहा है। ज्ञापन में 44 श्रम कानूनों को खत्म करके बनाई गई मजदूर विरोधी 4 श्रम संहिताओं (लेबर कोड) का निर्णय वापस लेने, किसान विरोधी कानून वापस लेकर स्वामीनाथन कमीशन की सिफारिशें लागू करने, न्यूनतम वेतन 21 हजार रुपये घोषित करके, केन्द्र व राज्य में एक समान वेतन देने, आंगन बाडी, मिड-डे मील, मितानिन व अन्य योजनाकर्मियों को सरकारी कर्मचारी घोषित करने, नई शिक्षा नीति वापस लेने, सार्वजनिक उपक्रमों का विनिवेश व निजीकरण बंद करने, सभी मजदूरों को ईपीएफ, ईएसआई, ग्रेच्युटी, नियमित रोजगार, पेंशन व दुर्घटना लाभ आदि सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाने,सेवारत कर्मचारियों को 50 वर्ष की आयु व 33 वर्ष की नौकरी के बाद जबरन रिटायर करना बंद करने, मनरेगा में 200 दिन का रोजगार देने सहित इसे शहरी क्षेत्र में भी लागू करने, कांट्रेक्ट, फिक्सटर्म, आउटसोर्स व ठेका प्रणाली की जगह नियमित रोजगार देने, सुप्रीम कोर्ट के निर्णयानुसार समान काम का समान वेतन देने, नई पेंशन नीति (एनपीएस) की जगह पुरानी पेंशन नीति(ओपीएस) बहाल करने, मोटर व्हीकल एक्ट में परिवहन मजदूर व मालिक विरोधी बदलाव वापस लेने, भारी महंगाई पर रोक लगाने। पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस की कीमतें कम करने। बैंक, बीमा, रक्षा, कोयला, इस्पात, ऊर्जा तथा नगरनार संयंत्र का निजीकरण बंद करने की मांगों सहित स्थानीय मांगों में एनआईएसपी नगरनार संयंत्र के डीमर्जर विनिवेशीकरण का फैसला वापस लेने, एनएमडीसी में कर्मचारियों की भर्ती प्रक्रिया जल्दी लागू करने, कोविड- 19 महामारी के दौरान जिनकी मृत्यु हुई है, उनके आश्रित सदस्य को अनुकम्पा नियुक्ति देने सहित परिवार को रु. 50 लाख का मुआवजा दिए जाने की मांगों का लेख कर उम्मीद जताई गई है कि महामहिम राष्ट्रपति उपरोक्त संबंध में शीघ्र ही समुचित कार्यवाही करेंगे। ज्ञापन सौंपे जाने के दौरान जिले के अन्य कम्युनिष्ट मौजुद रहे।

प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समितियों का वनवृत्त स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन

कांकेर। वनमण्डल कांकेर अंतर्गत प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समितियों के संचालक मण्डल के निर्वाचन के लिए जिला पंचायत के सभाकक्ष में वनवृत्त स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में कांकेर वृत्त के वनमण्डल कांकेर, केशकाल, कोण्डागांव, नारायणपुर और पूर्व भानुप्रतापपुर एवं पश्चिम भानुप्रतापपुर के अधिकारी, कमचारियों जिसमें प्रबंध संचालक, उप प्रबंधक संचालक, वन परिक्षेत्र अधिकारी, पोषक अधिकारी एवं प्रबंधक उपस्थित थे। छत्तीगढ़ राज्य सहकारी निर्वाचन आयोग रायपुर के सेक्सन ऑफिसर श्री देवाशीष भद्रा एवं सहकारी निरीक्षक श्री प्रवेश शर्मा द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का आयोजन प्रबंध संचालक जिला वनोपज सहकारी संघ मर्यादित कांकेर द्वारा किया गया, जिसमें प्रबंध संचालक श्री अरविन्द पी.एम.(भा.व.से.), उप प्रबंध संचालक श्री आर.के.मण्डले, उप वनमण्डलाधिकारी श्री रामसिंग मण्डावी एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

दो गज दूरी मास्क है ज़रूरी की तर्ज पर कैट व कांचेका ने बांटे निःशुल्क मॉस्क

■ **कलेक्टर एसपी ने कहा- कोविड का बचाव मास्क ही विकल्प**

काँकेर। कान्फ़ेडरेशन आफ आल इन्डिया ट्रेडर्स छत्तीसगढ़ के प्रदेश उपाध्यक्ष हाजी वली मोहम्मद एवं कांकेर चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष दिलीप खटवानी कार्यकारी अध्यक्ष दीपक शर्मा के नेतृत्व में कोरोना संक्रमण के लगातार बढ़ते ग्राफ को देखते व कोविड 19 के वैक्सीन नही

बनने व कोरोना के खिलाफ लड़ने में केवल मास्क ही असल इलाज माना गया है।इसलिए आमजनो में कोविड 19 को लेकर जनजागरूकता अभियान चलाकर करीब 5000 निशुल्क मास्क वितरण किया गया है।कोरोना के खिलाफ जनजागरूकता अभियान के तहत दो गज दूरी मास्क है ज़रूरी अभियान की इस शुरुआत करते कार्यक्रम के मुख्य अतिथि काँकेर कलेक्टर चंदन कुमार पुलिस अधीक्षक एम.आर. अहिरे नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सरोज जितेंद्र सिंह ठाकुर व पूर्व मछुवा कल्याण बोर्ड अध्यक्ष राज्यमंत्री दर्जा भरत मटियारा के मुख्य आतिथ्य में मस्जिद चौक के पास शाम 4 बजे निशुल्क मास्क का आमजनों को वितरण किया गया है।इस अवसर पर कलेक्टर चंदन कुमार ने आमजनो से कहा की कोविड 19 वायरस का संक्रमण के वैक्सीन बनने तक मास्क ही इसका इलाज है।

OFFICE OF THE ACCOUNTANT GENERAL (AUDIT) CHHATTISGARH, RAIPUR
POST-MANDHAR, ZERO POINT,RAIPUR-493111(C.G.)

Adv.No.01/printing Work/2020-21 Date: 26.11.2020

TENDER NOTICE

Sealed tender is invited separately for fincancial bid by the Sr. Dy. Accountant General (Admn.), O/o the Accountant General (Audit), Chhattisgarh, Raipur from weputed firms of appropriate category for **"Various type of Printing Work"** in the Office of the Accountant General (Audit.), Chhattisgarh, Zero point, Raipur.

Detailed Tender notice and document may be obtained from office of the Accountant General (Audit), Chhattisgarh, Raipur Room No. 111, General Section from 10.00 AM to 03.00 PM on all working days (Monday to Friday) between 28.11.2020 and 21.12.2020. The tender document shall be submitted on or before 21.12.2020. The tender notice is also uploaded in the **website** https://cag.gov.in/ag/chhattisgarh/en/tenders

sd/-
S.-27097/3 **Sr. Deputy Accountant General/Admin**

प्रथम पृष्ठ का शेष...

कांग्रेस की वर्किंग...

कही गई। बता दें कि बीते दिनों सीनियर लीडर गुलाम नबी आजाद ने पार्टी नेतृत्व पर सवाल उठाया था। उन्होंने कहा था कि कांग्रेस पार्टी आज अपने सबसे निचले दौर पर है। वरिष्ठ नेताओं से पार्टी के कार्यकर्ताओं का संपर्क भी प्रभावित हुआ है। आजाद ने यह भी कहा था कि पार्टी में पांच सितारा और वीआईपी कल्चर को बदलने की जरूरत है। इस तरह होटलों से कांग्रेस चुनाव नहीं जीत सकती। इसके उलट वरिष्ट पार्टी नेता कपिल सिब्बल ने एक इंटरव्यूव में सवाल उठाया था कि कांग्रेस पार्टी बीते डेढ़ साल से बिना अध्यक्ष के कैसे काम कर रही है और कार्यकर्ता शिकायत लेकर कहां जाएं?

त्रिस्तरीय समिति करेगी...

मात्र राज्य है। जहां छत्तीसगढ़ राज्य के सीमावर्ती राज्यों से धान की अवैध आवक होती है, जिसे रोकना हम सभी कांग्रेसजनों का दायित्व एवं कर्तवय है। इससे राज्य सरकार को आर्थिक क्षति नहीं होगी।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकों...

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को रेडियो भिलाई से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बीजापुर पदस्थ किया गया है।

रूसी कोरोना वैक्सिन...

और संयुक्त अरब अमीरात में इस वैक्सीन के लिए तीसरे चरण का मानव परीक्षण हो रहा है। इस माह अब तक दवा कंपनी फाइजर, मॉर्डना, एस्ट्राजेनेका और स्पूतनिक वी को विकसित करने वाला गैमलेय रिसर्च इंस्टीट्यूट अपनी-अपनी कोरोना वैक्सीन के तीसरे चरण की मानव परीक्षण की रिपोर्ट जारी कर चुका है।

वैक्सीन बना रही...

को कोरोना वैक्सीन विकसित करने की प्रक्रिया कहां तक पहुंची है इसकी वास्तविक जानकारी तथा इससे संबंधित चुनौतियों के बारे में पता चलेगा। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक ट्वीट कर कहा है, 'प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कोरोना वैक्सीन के विकास और बनाने की प्रक्रिया की समीक्षा के लिए शनिवार को खुद तीन शहरों की यात्रा पर जायेंगे। वह अहमदाबाद स्थित जायडस बायोटैक पार्क, हैदराबाद में भारत बायोटैक और पुणे में सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया का दौरा करेंगे। एक अन्य ट्विट में कहा गया है , 'चूंकि भारत अब कोविड 19 के खिलाफ जंग के निर्णायक दौर में प्रवेश कर रहा है प्रधानमंत्री की इन कंपनियों की यात्रा और वैज्ञानिकों के साथ चर्चा से उन्हें नागरिकों को कोरोना का टीका देने की देश की तैयारियों, चुनौतियों और रूपरेखा के बारे में पता चलेगा।'

मोदी ने इसी सप्ताह राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक के दौरान कहा था कि कोरोना की वैक्सीन कब तक आयेगी इसके बारे में सही स्थिति संबंधित कंपनी और वैज्ञानिक ही दे पायेंगे। हालाकि उन्होंने साथ ही कहा था कि सरकार की प्राथमिकता देश के हर नागरिक तक टीके की पहुंच को सरल बनाना है।

पहले धुंए का गुबार...

रोकने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोले और पानी की बौछार करनी पड़ी, लेकिन किसानों के कदम नहीं रुके। किसान दिल्ली की तरफ बढ़ते दिखे।

तीन लेयर में...

पथराव शुरू कर दिया। किसान दिल्ली में घुसने के लिए अड़े हुए थे। कुछ किसान वहीं धरने पर बैठ गए और खाना बनाने लगे। किसानों का कहना था कि हम शांति से प्रदर्शन कर रहे हैं। इसे जारी रखते हुए हम दिल्ली में एंट्री करेंगे। लोकतंत्र में प्रदर्शन की इजाजत होनी चाहिए।

पुलिस ने सड़कें...

के थाने के पास पुलिस ने जेसीबी मशीन बुला ली और सड़कों को खोद दिया। कई किसान शिवा गांव के पास मेन हाईवे पर खेतों से होते हुए कई किलोमीटर लंबे बैरिकेड को पार कर दिल्ली की तरफ आगे बढ़ गए।

पानी की बौछारें...

दिल्ली आकर अपनी आवाज बुलंद करना चाहते थे लेकिन सरकार ने उसे कुचलने का प्रयास किया है और उनको दिल्ली आने से रोका है।

गुजरात: कोविड अस्पताल में...

झुलसे लोगों को अन्य अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। मृतकों की पहचान संजय अ. राठोड़ (57), रामसिंहभाई (65), नितिनभाई, केशुभाई ला. अकबरी (50) और रशिकलाल शां. अग्रावत (69) के रूप में हुयी है।

कार्यालय उप निदेशक एलीफेंट रिजर्व सरगुजा, अम्बिकापुर (छ.ग.)
(प्रतापपुर रोड, अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
07774- 240987 E-mail: dders2014@rediffmail.com

क्रमांक/मा.चि./20/2329 अम्बिकापुर, दिनांक 26/11/2020

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक/01

उप निदेशक एलीफेन्ट रिजर्व सरगुजा अम्बिकापुर के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2020-21 में निर्माण किए जाने वाले भवन, एनीकट, स्टापडेम एवं अन्य निर्माण कार्य तथा भण्डार सामग्री में उपयोग होने वाले सामग्रियों की आवश्यकता है।

निर्माण सामग्री, भण्डार सामग्री में उपयोग होने वाले सामग्रियों हेतु पंजीकृत संस्थाओं से मुहरबंद 02 लिफाफा पद्धति अनुसार निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र उप निदेशक एलीफेन्ट रिजर्व सरगुजा अम्बिकापुर के कार्यालय से कार्यालयीन अवधि में 500/- रुपए का राष्ट्रीयकृत बैंक का ड्राफ्ट/ नगद **''उप निदेशक एलीफेन्ट रिजर्व सरगुजा अम्बिकापुर''** के नाम से जमा कर विस्तृत निविदा फार्म एवं शर्तें प्राप्त कर सकते हैं। निर्माण सामग्री , भण्डार सामग्री में उपयोग होने वाले सामग्रियों का विस्तृत विवरण निविदा फार्म में दर्शित है। सामग्रियों के दर्शायी गई नाम में कमी या अधिक हो सकता है। सामग्री का विवरण, विस्तृत निविदा शर्तें-नियम एवं जानकारी विभाग की वेबसाईट www.cgforest.com एवं अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय के सूचना पटल पर तथा निविदा फार्म में संलग्न है।

क्र.	विवरण	प्रथम निविदा की समय सारणी	द्वितीय निविदा की समय सारणी	तृतीय निविदा की समय सारणी
	निविदा बिक्री की अंतिम तिथि	07.12.2020 अपरान्ह 4.00 बजे तक	10.12.2020 अपरान्ह 4.00 बजे तक	21.12.2020 अपरान्ह 4.00 बजे तक
	निविदा जमा करने की अंतिम तिथि	08.12.2020 अपरान्ह 1.00 बजे तक	11.12.2020 अपरान्ह 1.00 बजे तक	22.12.2020 अपरान्ह 1.00 बजे तक
	निविदा खोलने की तिथि (तकनीकी निविदा)	08.12.2020 सायं 3.00 बजे से	11.12.2020 सायं 3.00 बजे से	22.12.2020 सायं 3.00 बजे से
	निविदा खोलने की तिथि (वित्तीय निविदा)	08.12.2020 सायं 3.00 बजे से	11.12.2020 सायं 3.00 बजे से	22.12.2020 सायं 3.00 बजे से
	निविदा खोलने की स्थान	कार्यालय उप निदेशक एलीफेन्ट रिजर्व सरगुजा अम्बिकापुर	कार्या. उप निदेशक एलीफेन्ट रिजर्व सरगुजा अम्बिकापुर	कार्या. उप निदेशक एलीफेन्ट रिजर्व सरगुजा अम्बिकापुर

जी-85228/4

उप निदेशक
एलीफेंट रिजर्व सरगुजा
अम्बिकापुर (छ.ग.)

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं भू-अर्जन अधिकारी बिल्हा, जिला बिलासपुर (छ.ग.)
भू.अ.प्र.क्र./18/अ-82/2017-28 बिल्हा, दिनांक 07.11.2020

प्रारूप - ''क''

राज्य शासन के लोक निर्माण विभाग संभाग क्रमांक 01 बिलासपुर के लिए चकरभाठा से दगौरी मार्ग चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण के लिए प्रभावित ग्राम बिल्हा पटवारी हल्का नंबर 17 रा.नि.मं. व तहसील बिल्हा जिला बिलासपुर के भूमि क्रय किए जाने पर विचार किया जा रहा है। यदि किसी व्यक्ति को भूमि के स्वत्व संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अंदर आधार सहित लिखित आपत्ति अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में जमा किया जा सकता है।
विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.	जिला	तहसील	प.ह.नं.	ग्राम कास्तकार का नाम/ पिता का नाम	खसरा क्रमांक	क्रय की जाने वाली भूमि		भूमि एवं परिसंपत्ति का निर्धारित प्रतिफल	पुनर्वास अनुदान भूमि के मुआवजा का 50 प्रतिशत जो अधिकतम 5.00 लाख देय	कुल देय राशि
						एकड़	हेक्टेयर			
1	बिलासपुर	बिल्हा	17	बिल्हा सुमित गुप्ता पिता सीताराम गुप्ता	283/82	0.14 1/2	0.059	43,52,460	5,00,000	49,26,800
2	बिलासपुर	बिल्हा	17	बिल्हा संतोष पिता भागचंद	305/6	0.04	0.016	13,60,800	3,40,200	17,01,000

कलेक्टर महोदय से अनुमोदित

जी-85220/2

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
एवं भू-अर्जन अधिकारी बिल्हा
जिला- बिलासपुर (छ.ग.)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर कुबेर प्लाजा शॉप नं. 226 सेकंड फ्लोर लिंक रोड बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- रविशंकर शुक्ला*
RNI NO.CHHHIN/2015/62431, डाक पंजीयन क्रमांक जी.2-112/सी.जी./बी.एल.पी./108/2020-2022, email: navpradesh@gmail.com, फोन व फैक्स : 07752-400878

■ न्यूज गैलरी

अनुविभागीय कार्यालय में संविधान दिवस पर कर्मचारियों ने ली शपथ

बचेली। 26 नवंबर भारत के संविधान दिवस के उपलक्ष्य में एवं जिला प्रशासन के निर्देशानुसार अनुविभागीय कार्यालय में आज कर्मचारियों द्वारा भारत संविधान के उद्देशिका की शपथ ली गयी इस अवसर पर शाण्डिल्य सर ने कार्यालय के अन्य कर्मचारियों को शपथ दिलाई एवं कोरोना संक्रमण को मद्देनजर जागरूक रहने एवं सावधानी बरतने हेतु अपील भी की इस शपथ के कार्यक्रम में गेलमनी नाग, हेमा बघेल,इंद्रजीत देवांगन, मीना नाग, आर आर भगत, एस संगीत, संदीप कुजूर,मंजुलता, विजय प्रकाश भंडारी, एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

बैलाडीला फुटबॉल क्लब के खिलाड़ियों ने डिएगो माराडोना एवं 26/11 के शहीदों को दी श्रधांजलि।

दंतेवाड़ा। किरंदुल मे फुटबॉल प्रेमियों में जब फुटबॉल जगत के पिता डिएगो माराडोना की मृत्यु की ख़बर आई तो फुटबाल खेल प्रेमियों सहित खिलाड़ियों में मायूसी छा गयी आज इसी कड़ी में बैलाडीला फुटबॉल क्लब के खिलाड़ियों ने डिएगो माराडोना की तस्वीर के सामने मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की एवं 26/11 आतंकी हमले में सभी शहीद जवानों को भी श्रद्धांजली दी। इस श्रधांजलि सभा मे वरिष्ठ खिलाड़ी - बबलू बहादुर,अभिषेक स्वर्ण, अमित दीक्षित, सूरज दूधी, विक्की झाड़ी, जयपाल, पोहूप साहू, छबी जगत,युवा खिलाड़ी योगेश निषाद, पद्दू साहू, प्रफुल्ल कुमार, वासु रेडडी, यश पटेल, अमित प्रशाद, गंतव्य भगत, उमेश बागडे, सुमन मिंज, हर्षित मरकाम, प्रदीप ताती, मुकुल कुमार, प्रताप नायक,अनिल कुमार,एमडी नोशाद की उपस्थिति रही।

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 1 दिसम्बर से

बीजापुर - नवप्रदेश। खरीफविपणन वर्ष 2020-21 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तैयारी के संबंध में अपर मुख्य सचिव अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री) सुब्रत साहू एवं सचिव खाद्य डा. कमलप्रीत सिंह के द्वारा विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की गई। समीक्षा में गिरदावरी एवं किसान पंजीयन की जानकारी, धान खरीदी हेतु उपार्जन केन्द्रों में तैयारी, नवीन उपार्जन केन्द्रों में समुचित व्यवस्था, धान खरीदी हेतु पंजीकृत किसानों को 27 नवम्बर से टोकन जारी करने, टोकन जारी करते वक्त दैनिक क्षमता को ध्यान रखने एवं किसानों को किसी असुविधा का सामना न करना पड़े, इस बात का ध्यान रखने को कहा गया। इसके साथ ही अन्तर्राज्यीय धान परिवहन पर रोक हेतु जांच दल का गठन करने, बारदाना की उपलब्धता सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। विडियो कांफ्रेंसिंग में बीजापुर के एनआईसी कक्ष में कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल, एडीशनल एसपी मिर्जा जियारत बेग, ओंकारेश्वर सिंह डिप्टी कलेक्टर, डीएमओ, खाद्य अधिकारी, सहकारी समिति के अधिकारी सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

संविधान दिवस के उपलक्ष्य पर संविधान की निष्ठा की शपथ ली

बीजापुर - नवप्रदेश। कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल ने संविधान दिवस के उपलक्ष्य पर जिला कार्यालय के सभाकक्ष में सभी अधिकारी-कर्मचारियों को भारतीय संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ दिलाई। कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल ने संविधान में प्रदत्त अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। भारतीय संविधान में सामाजिक, आर्थिक न्याय, अभिव्यक्ति विश्वास, धर्म एवं समता आदि के अधिकार प्रदान किए गए है। हमें राष्ट्र की एकता एवं अखंडता को बनाये रखने के लिए सजग रहना चाहिए। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी तथा कलेक्टोरेट के सभी अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे।

बैकयार्ड कुक्कुटपालन योजनान्तर्गत 50 हितग्राहियों को चूजे एवं आहार वितरित

■ **कुक्कुटपालन से ग्रामीण को होगी अतिरिक्त आय संवृद्धि**

बीजापुर - नवप्रदेश। जिला कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले के ग्रामीणों को कृषि के आनुशांगिक गतिविधियॉ संचालित कर आय संवृद्धि से जोड़ने की दिशा में कुक्कुटपालन के लिए सहायता दी जा रही है। इसी कड़ी में पशुधन विकास विभाग द्वारा बैकयार्ड कुक्कुटपालन योजनान्तर्गत बीजापुर ब्लाक के दुगोली एवं कुएनार सहित भोपालपटनम ब्लॉक के मद्देड़ में पंचायत पदाधिकारियों की उपस्थिति में हितग्राहियों को 90 प्रतिशत अनुदान पर चूजे एंव आहार वितरित किया गया। जिसके तहत हरेक हितग्राही को 30 दिवसीय 45 चूजे और 2 महीने के लिये 12 किलोग्राम दाना एवं अन्य पूरक आहार प्रदाय किया गया। इस दौरान सभी हितग्राहियों को चूजों की देखभाल, दाना एवं आहार देने की विधि, सहित टीकाकरण सम्बन्धी परामर्श दी गयी। इस बारे में उप संचालक पशुधन विकास विभाग बीजापुर डॉ. एपी दोहरे ने बताया कि ग्रामीणों को अतिरिक्त आय का जरिया सुलभ कराने के दृष्टिकोण से विभागीय बैकयार्ड कुक्कुटपालन योजनान्तर्गत उक्त चूजे तथा दाना एवं आहार उपलब्ध कराया गया है। ग्रामीण हितग्राही इन चूजों की 4 महीने तक सही देखभाल करेंगे, तो

नियत अवधि में डेढ़ से दो किलोग्राम वजन के कुक्कुट हो जायेंगे। जिसे बाजार में विक्रय करने पर अच्छी आमदनी होगी, इसके साथ ही अण्डे उत्पादन से भी आय होगी। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीणों को नियमित अतिरिक्त आय अर्जित करने के लिए प्रोत्साहित करना है। एक नियत अवधि में कुक्कुट विक्रय कर उसे निरंतर संचालित करने पुनः चूजे क्रय किया जा सकता है और उनकी सही देखरेख कर अपनी छोटी सी आर्थिक गतिविधि को आयमूलक बनाया जा सकता है। बैकयार्ड कुक्कुटपालन योजनान्तर्गत लाभान्वित इन सभी हितग्राहियों को इस दिशा में निरंतर कुक्कुटपालन किये जाने समझाईश दी गयी। उन्होनें बताया कि उक्त हितग्राहियों को मैदानी अमले के द्वारा समय-समय पर आवश्यक सलाह दी जायेगी, ताकि वे अपने इस उत्पादक गतिविधि को बेहतर ढंग से संचालित कर सकें।

ईलमिड़ी में नवीन धान खरीदी केन्द्र खुलने से 14 ग्रामों के किसानों को धान विक्रय करने होगी सहूलियत

■ **अब 10 से 20 किलोमीटर दूर आवापल्ली खरीदी केन्द्र जाने से मिलेगी निजात**

बीजापुर - नवप्रदेश। जिले के उसूर तहसील अंतर्गत दूरस्थ ईलमिड़ी क्षेत्र के किसान अब खुश हैं कि उन्हे समर्थन मूल्य पर धान विक्रय करने के लिए 10 से 20 किलोमीटर दूर धान खरीदी केन्द्र जाने से निजात मिल गयी। अब इस क्षेत्र के 14 ग्रामों के करीब 425 किसानों को नवीन धान खरीदी केन्द्र ईलमिड़ी में धान विक्रय करने की सुविधा होगी। यह सब राज्य शासन द्वारा उक्त दूरस्थ ईलाके के कृषकों की सुविधाा के मद्देनजर ईलमिड़ी में समर्थन मूल्य पर नया धान खरीदी केन्द्र खोलने की स्वीकृति दिये जाने से संभव हुआ है। ईलमिड़ी निवासी कृषक रोसैया चन्नम अपने गांव में धान खरीदी केन्द्र खुलने से खुशी व्यक्त करते हुए बताते हैं कि धान मिंजाई के पश्चात धान विक्रय करने के लिये 10 किलोमीटर आवापल्ली जाकर अपनी बारी की प्रतीक्षा करने से असुविधा का सामना करना पड़ता था। अब गांव में ही धान खरीदी केन्द्र खुलने से यह दिक्कत दूर होगी। उन्होने बताया कि विगत वर्ष 20 क्विंटल धान समर्थन मूल्य पर विक्रय किया था, जिसकी करीब 36 हजार 300 रूपए राशि सीधे बैंक खाते के माध्यम से भुगतान की गयी। वहीं प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार द्वारा किसानों से 2500 रूपए समर्थन मूल्य पर धान खरीदने के निर्णय के अनुरूप शेष अंतर की राशि राजीव गांधी किसान न्याय योजनान्तर्गत अभी तक तीन किश्तों में मिली है।

मुख्यमंत्री के 29 नवंबर के प्रस्तावित मानस महोत्सव की समीक्षा बैठक लेंगे

जांजगीर। महामंडलेश्वर के पद से विभूषित राजेश्री डॉक्टर महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज पीठाधीश्वर श्री शिवरीनारायण मठ 27 नवंबर को जांजगीर चांपा जिले के प्रवास पर रहेंगे प्राप्त जानकारी के अनुसार राजेश्री महन्त जी महाराज सुबह 9:00 बजे श्री दूधाधारी मठ रायपुर से प्रस्थान कर के 10:30 बजे बलौदा बाजार जिले के अंतर्गत स्थित ग्राम रिसदा पहुंचेंगे यहां स्थानीय कार्यक्रम में सम्मिलित होने के पश्चात दोपहर 12:30 बजे उनका आगमन शिवरीनारायण होगा यहां वे श्री महन्त लाल दास महाविद्यालय के सभागार में राज्य के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी के 29 नवंबर के शिवरीनारायण मानस महोत्सव के संदर्भ में तैयारी की समीक्षा बैठक लेंगे उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री के शिवरीनारायण आगमन को लेकर के पूरे शिवरीनारायण क्षेत्रवासियों में हर्ष व्याप्त है, क्षेत्रवासी बड़े ही आतुरता पूर्वक मुख्यमंत्री के आगमन की प्रतीक्षा कर रहे हैं स्थिति यहां तक आ पहुंची है कि पूरे क्षेत्र में 29 नवंबर को अघोषित अवकाश की स्थिति निर्मित हो गई है, एक तो रविवार का दिन है उस पर भी सभी लोग अपना अपना कामकाज बंद करके एक दिवसीय मानस महोत्सव में सम्मिलित होना चाह रहे हैं इसका प्रमुख कारण यह बताया जा रहा है कि इस वर्ष किसी भी गांव में नवधा भक्ति जैसे आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन नहीं हो पाया है जिसके कारण लोग इसमें सपरिवार सम्मिलित होने की सोंच रहे हैं।

बीजापुर सुपोषण मिशन अंतर्गत 46 हजार से अधिक हितग्राही लाभान्वित

■ **एक वर्ष में 10 प्रतिशत सुपोषण दर में हुई आशातीत वृद्धि**

बीजापुर - नवप्रदेश। प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशानुरुप बीजापुर जिले में मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के कारगर क्रियान्वयन के फलस्वरुप विगत एक वर्ष में 10 प्रतिशत सुपोषण दर में आशातीत वृद्धि हुई है। यह सब विभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर कुपोषण एवं एनीमिया को कम करने के लिये सकारात्मक प्रयास से फलीभूत हुआ है।

आदिवासी बाहुल्य बीजापुर जिले में महिलाओं में एनीमिया के कारण कम वजन के बच्चों का जन्म तत्पश्चात् कुपोषण एक गंभीर समस्या है। जिले के बच्चों, किशोरी बालिकाओं, गर्भवती

माताओं एवं शिशुवती माताओं में एनीमिया व पोषण स्तर की कमी पायी जाती है। वजन त्यौहार 2019 के आधार पर जिले में कुल 3 हजार 632 बच्चे गंभीर कुपोषित तथा 7 हजार 100 बच्चे मध्यम कुपोषित पाये गये थे, इस दौरान जिले में कुपोषण का प्रतिशत 38.50 था। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार जिले की कुल जनसंख्या 2 लाख 55 हजार 230 में से महिलाओं की आबादी एक लाख 26 हजार 594 है, जो करीब 49.6 प्रतिशत है। राष्ट्रीय परिवार एवं स्वास्थ्य सर्वेक्षण 2015-16 के अनुसार जिले में 15 से 49 वर्ष आयु वर्ग की कुल एनीमिक महिलाएं 68.7 प्रतिशत लगभग 86 हजार 970 पाये गये। जिसमें एनीमिक पीड़ित 47.9 प्रतिशत गर्भवती मातायें थी। वहीं 6 से 59 माह आयु वर्ग के 51.3 प्रतिशत बच्चों को एनीमिक ग्रसित पाया गया।

जिले में कुपोषण, मातृ मृत्यु दर, शिशु मृत्यु दर एवं एनीमिया को कम करने हेतु वर्तमान में संचालित शासकीय योजनाओं के अतिरिक्त सकारात्मक प्रयास की जरुरत को मद्देनजर रखते हुए ''बीजापुर सुपोषण मिशन'' कार्ययोजना तैयार की गयी। इस दिशा में मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान अंतर्गत बीजापुर सुपोषण मिशन 2 अक्टूबर 2019 से शुभारंभ किया गया। जिसके अंतर्गत अतिरिक्त आहार के रुप में सभी बच्चों, गर्भवती माताओं, शिशुवती माताओं, शाला त्यागी किशोरी बालिकाओं तथा 15 से 49 वर्ष आयु वर्ग की एनीमिक महिलाओं को अण्डा, मूंगफल्ली चिक्की और पौष्टिक बिस्किट प्रदाय किया जा रहा है।

यूको बैंक (भारत सरकार का उपक्रम)
UCO BANK (A Govt. of India Undertaking)

अचल संपत्तियो की बिक्री हेतु बिक्री नोटिस

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस।

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का वास्तविक कब्जा प्रतिभूत लेनदार यूको बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है" के आधार पर 15.12.2020 को 11.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक बकाया राशि की वसूली के लिए बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य एवं अन्य विवरण नीचे दिए गए हैं।

बोली प्रस्तुत करने की अंतिम समय नीलामी के 2 घंटे पूर्व सुनिश्चित की गई है। ई-नीलामी की तिथि व समय- 15.12.2020 को सुबह 11.00 बजे से अपरान्ह 2.00 बजे तक प्रत्येक 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ।

क्र.	शाखा का नाम आईएफसी कोड नं., दूरभाष नं. ईमेल	ऋणी एवं गारंटर का नाम	बकाया राशि	मांग सूचना की तिथि व कब्जा सूचना तिथि	संपत्ति का विवरण	आरक्षित मूल्य व बयाना राशि	संपत्ति निरीक्षण दिनांक व संपर्क व्यक्ति
1.	बिलासपुर शाखा आईएफएससी UCBA0000260 खाता सं. 02600210000960 ई-मेल bilasp@ucobank.co.in	ऋणी- मे. बुखारी सर्विस स्टेशन पार्टनर- 1. श्रीमती रोशन आरा पति का नाम- हाजी अब्दुल करीम 2. श्री शब्बीर बुखारी	₹ 55,74,877.11/- 31.12.2015 को अतिरिक्त ब्याज के साथ में आकस्मिक खर्च, लागत शुल्क आदि।	25.04.2016 02.08.2016 भौतिक कब्जा	साकेत अपार्टमेंट, कोपिसाल ब्लाक, प्रथम तल पर 1350 वर्गफीट, फ्लैट नं. एल-204, खसरा नं. 622/5, प.ह.नं. 22, प्लॉट नं. 272, शीट नं. 4, ब्लाक नं. 5, वार्ड-13, रानी लक्ष्मीबाई वार्ड, जूना बिलासपुर। चौहद्दी- उत्तर- सड़क, दक्षिण- खुली जगह, पूर्व- खुला आसमान, पश्चिम- एल-203।	₹ 42,00,000/- ₹ 4,20,000/-	14.12.2020 को सुबह 11.00 बजे से अपरान्ह 4.00 बजे के बीच श्री संजीव कुमार गौड़ा, मुख्य प्रबंधक, यूको बैंक, बिलासपुर शाखा- बिलासपुर के माध्यम से मो. 9952053884

अन्य प्रभार/सरकारी बकाया/भार : की जानकारी नहीं है

नियम व शर्तें - 1. प्रतिभूत आस्ति आरक्षित मूल्य से कम पर नहीं बेची जाएगी। 2. उपर्युक्त संपत्ति का नीलामी विक्रय उपर्युक्त समय के अनुसार 15.12.2020 को 11.00 पूर्वान्ह से 02.00 अपरान्ह के बीच प्रत्येक 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ वेबसाइट https://mstcecommerce.com के माध्यम से "ऑनलाइन ई-नीलामी" / बोली होगी। 3. इच्छुक बोली लगानेवाले (बोलीदाता) को पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराना अपेक्षित होगा, यह ई-बोली के लिए अनिवार्य है। 4. इच्छुक बोली लगाने वाले (बोलीदाता) को सूचित किया जाता है कि अपनी बोली प्रस्तुत करने एवं ई-नीलामी विक्रय कार्यवाही में भाग लेने से पूर्व नीलामी विक्रय के विस्तृत शर्तों एवं निबंधनों के लिए वेबसाइट https://mstcecommerce.com का अवलोकन करें। 5. बोली संबद्ध विवरणी के साथ विहित प्रपत्र में केवल ऑन लाइन माध्यम से प्रस्तुत किए जाएंगे। 6. उपर्युक्त संपत्ति के लिए बयाना जमा राशि आरटीजीएस/एनईएफटी निधि अन्तरण के माध्यम से कॉलम (2) में वर्णित खाता संख्या में जमा किए जाएंगे या प्राधिकृत अधिकारी, यूको बैंक के पक्ष में एवं बिलासपुर में देय बैंक ड्राफ्ट/भुगतान आदेश के माध्यम से 14.12.2020 के अपरान्ह 4.00 बजे से पूर्व जमा किए जाएँ। संपत्ति से संबन्धित किसी प्रकार की जानकारी के लिए श्री संजीव कुमार गौड़ा, मुख्य प्रबंधक, यूको बैंक, बिलासपुर शाखा- बिलासपुर के माध्यम से मो. 9952053884 से संपर्क किया जा सकता है। 7. ऑनलाइन प्रस्तुत बोली फॉर्म की प्रति (यूटीआर के साथ) प्राधिकृत अधिकारी/शाखा प्रमुख, बिलासपुर शाखा, बिलासपुर (छ.ग.) को प्रस्तुत किया जाए या इसकी सॉफ्ट प्रति E-mail to: bilasp@ucobank.co.in पर अपेक्षित की जाए। [illegible] 15. क्रेता स्टॉम्प ड्यूटी, विक्रय प्रमाण पत्र पंजीकरण प्रभार सहित सभी प्रभार, सरकार को भुगतान किए जाने वाले सभी प्रकार के सांविधिक शुल्क, कर, संपत्ति से संबंधित वर्तमान एवं भविष्य दोनों के सभी निर्धारित बकाया खर्चों आदि का भार वहन करेगा। विक्रय प्रमाण पत्र केवल सफल बोली लगाने वाले के नाम में जारी किया जाएगा। 16. विक्रय सरफेसी अधिनियम/नियम 2002 में निर्धारित एवं उपर्युक्त शर्तों के अधीन होगा। 17. एक बोली लगाने वाला (बोलीदाता) होने की स्थिति में बोली फार्म में उद्धृत बोली राशि में न्यूनतम 1 बोली वृद्धि मूल्य की बढ़ोतरी करनी होगी, अन्यथा विक्रय निरस्त/स्थगित किया जाएगा। 18. विक्रय के विस्तृत निबंधन एवं शर्तों के लिए कृपया https://ibapi.in. में उपलब्ध लिंक देखें। यह प्रकाशन उपर्युक्त उधारकर्ताओं/गारंटीकर्ताओं/बंधककर्ताओं को 15 दिनों की नोटिस भी है।

विवाद की स्थिति में दिनांक 28.11.2020 का अंग्रेजी अखबार "सेन्ट्रल क्रॉनिकल" बिलासपुर संस्करण में प्रकाशित विज्ञापन मान्य होगा।

दिनांक : 27.11.2020 स्थान : बिलासपुर (छ.ग.) प्राधिकृत अधिकारी/यूको बैंक, बिलासपुर (छ.ग.)

केनरा बैंक Canara Bank
वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना
ई-नीलामी दिनांक: 30.12.2020

स्थायी संपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी सूचना

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित संपत्तियाँ केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार) के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके सांकेतिक/भौतिक कब्जा ले लिया गया है। निम्न वर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक 30.12.2020 को 12 बजे से दोपहर 2 बजे तक केनरा बैंक सुरक्षित लेनदार के बकाया राशि को वसूल करने हेतु "जैसा है जहां है, जो है जैसा है" एवं "जो कुछ भी है" के आधार पर किया जा रहा है।

ऋणी/गारंटर का नाम एवं पता	संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम	मांग सूचना दिनांक / कब्जा सूचना दिनांक / बकाया राशि	आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि	खाता का नाम / खाता संख्या व आईएफएससी कोड
श्रीमती संध्या बेदलाल साव पति- बेदलाल साव, ग्राम- गीधामुण्डा, पझरापाली, पोस्ट ऑफिस- तोशगांव, तहसील- सरईपाली, जिला-महासमुंद, छत्तीसगढ़- 493554।	खसरा नं. 47/6, क्षेत्रफल- 0.05 हेक्टर में स्थित भूमि व भवन का ईएमटी, ग्राम- गीधामुण्डा, पझरापाली, पोस्ट ऑफिस- तोशगांव, तहसील- सरईपाली, जिला-महासमुंद, छत्तीसगढ़- 493558। चौहद्दी- उत्तर- विद्याधर की भूमि, दक्षिण- शोभाराम की भूमि, पूर्व- बेदलाल की भूमि, पश्चिम- सड़क।	19.11.2019 22.10.2020 ₹ 26,63,213.66	8,10,000/- 81,000/- 10,000/-	श्री उज्जवल देमता (मो. 9425505423) सरईपाली शाखा 5423296000001 CNRB0005423
मेसर्स आर.एस. ट्रेडर्स, प्रोप. श्री मुरलीधर रिझवानी, पदमपुर मार्ग बंसुला, बसना, महासमुंद, छत्तीसगढ़-493554।	सर्वे नं. 517/16, क्षेत्रफल- 1151 वर्गफीट में स्थित भूमि का ईएमटी, ग्राम- तुलसी, तहसील- तिल्दा। चौहद्दी- उत्तर- सड़क, दक्षिण- साहू की भूमि, पूर्व- विक्रेता की भूमि, पश्चिम- दीपिका वर्मा की भूमि।	20.11.2019 22.10.2020 ₹ 11,03,105.28	6,20,000/- 62,000/- 10,000/-	श्री सुरेश भक्ता (मो. 9425502145) सिमगा शाखा 5144296000001 CNRB0005144
मेसर्स इको केयर बायोटेक प्रोप. श्री अनूप कुजूर पिता- श्री जेम्स कुजूर, मार्फत- रामनारायण तिवारी जलाराम कैटरिंग के पास, टिकरापारा, बिलासपुर (छ.ग.) 495001	मौजा- परसदा, ब्लॉक- बिल्हा, आर.एन.एम. बिलासपुर तहसील व जिला- बिलासपुर, छत्तीसगढ़ 495001, क्षेत्रफल- 1404 वर्गफीट (भू तल) प्लॉट नं. 69/बी, सेक्टर- बी, सिरगिट्टी, औद्योगिक क्षेत्र में स्थित भवन व भूमि का ईएमटी। चौहद्दी- उत्तर- प्लॉट नं. 68/एफ, दक्षिण- प्लॉट नं. 69/डी, पूर्व- सड़क, पश्चिम- प्लॉट नं. 69/ए।	14.02.2020 23.10.2020 ₹ 6,91,876.66	21,00,000/- 2,10,000/- 10,000/-	श्री शरद कुमार (मो. 9425501910) बिलासपुर मुख्य शाखा 0191296000002 CNRB0000191
मेसर्स भगत ब्रदर्स प्रोपराईटर- श्री नन्दू भगत ग्राम- कोकड़ीतराई, किरोड़ीमल नगर, रायगढ़, छत्तीसगढ़- 496001	मालिक- मेसर्स भगत ब्रदर्स, प्रोपराईटर- श्री नन्दू भगत, उच्चभिट्ठी, किरोड़ीमल नगर, रायगढ़ छत्तीसगढ़-496001, प.ह.नं. 02, खसरा नं. 105/9, वार्ड नं. 09, निर्मित क्षेत्रफल- 4356 वर्गफीट में स्थित भूमि का ईएमटी। चौहद्दी- पूर्व- गली, पश्चिम- श्री राव का प्लॉट, उत्तर- पानी का तालाब, दक्षिण- गुरुशरण चन्द्रा।	06.12.2016 12.03.2018 ₹ 18,26,620.56	4,50,000/- 45,000/- 10,000/-	श्री परमेश्वर जांगड़े (मो. 8817216075) रायगढ़ शाखा 3329296000001 CNRB0003329
मेसर्स जे.पी. ब्रिक्स, प्रोपराईटर- श्री जगदीश प्रसाद ग्राम- बरडोंगी, पोस्ट- भिट्ठीकला, अंबिकापुर, जिला- सरगुजा छ.ग.	मालिक- श्रीमती सवांगी पति- श्री आलम साय, ग्राम- पोड़ी खुर्द (बरडोंगी से कन्जी चौक के पास) प.ह.नं. 24, आर.एन.एम. ब्लाक व तहसील- अंबिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.) निर्मित क्षेत्रफल- (1.275 हेक्टेयर) प्लॉट नं./खसरा नं. 70 (क्षेत्रफल- 0.943 हेक्टेयर) व 314 (क्षेत्रफल- 0.304 हेक्टेयर) में स्थित खुली भूमि का ईएमटी। चौहद्दी- खसरा नं. 70 के लिए- पूर्व- भदउ का प्लॉट, पश्चिम- बुधु गोंड व मोहन का प्लॉट, उत्तर- बुधु गोंड का प्लॉट, दक्षिण- केंदू पिता- केंदा तुरिया का प्लॉट, खसरा नं. 314 के लिए- पूर्व- मोहन का प्लॉट, पश्चिम- विक्रेता का प्लॉट, उत्तर- बुधु गोंड व मोहन का प्लॉट, दक्षिण- कुन्दु पिता- अन्नपूर्णा का प्लाट।	21.1.2012 03.12.2015 ₹ 22,32,397/-	16,50,000/- 1,65,000/- 10,000/-	श्री सयद सुल्तान (मो. 9424204026) अंबिकापुर शाखा 4309296000001 CNRB0004309
मेसर्स मिथिलेश ट्रेडर्स प्रोपराईटर- मिथिलेश कलवार वार्ड नं. 39, भाटापारा, अंबिकापुर, जिला- सरगुजा, छत्तीसगढ़	मालिक- श्री मिथिलेश कलवार, ग्राम- हर्रा टिकरा, तहसील- अंबिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.) प्लॉट नं/खसरा नं. 443/1 (क्षेत्रफल- 0.101 हेक्टेयर) में स्थित खुली भूमि का ईएमटी। चौहद्दी- पूर्व- दहरु का प्लॉट, पश्चिम- धरम देव ठाकुर का प्लॉट, उत्तर- नरवदा ठाकुर का प्लॉट, दक्षिण- कदना रोड।	27.12.2018 24.07.2019 ₹ 19,40,494.89/-	20,00,000/- 2,00,000/- 10,000/-	श्री सयद सुल्तान (मो. 9424204026) अंबिकापुर शाखा 4309296000001 CNRB0004309

ई-नीलामी की शर्तें- (1) ई-नीलामी "जहां है जैसा है एवं जो कुछ भी है" के आधार पर भार सहित (अगर कोई हो) की जायेगी। बैंक की जानकारी एवं सूचना के अनुसार संपत्ति पर कोई भार नहीं है। भार के विवरण हेतु अधोहस्ताक्षरकर्ता से धरोहर राशि जमा करने के पूर्व सम्पर्क करें। नीलामी बैंक द्वारा अधिकृत सेवा प्रदाता की वेबसाइट www.bankeauctions.com के माध्यम से आन लाईन ई-नीलामी की जावेगी। (2) आरक्षित मूल्य कम की निविदा/आफर स्वीकार नहीं किये जाएंगे। (3) संपत्ति का निरीक्षण सुबह 10.00 से सायं 5.00 बजे तक संबंधित शाखा प्रबंधक की पूर्व अनुमति से किया जा सकता है। (4) इच्छुक निविदाकर्ता धरोहर राशि (EMD) आरक्षित मूल्य का 10 प्रतिशत का भुगतान डिमाण्ड ड्राफ्ट के माध्यम से, जो कि प्राधिकृत अधिकारी केनरा बैंक के उपरोक्त संबंधित शाखा के पक्ष में देय हो। दिनांक 28.12.2020 को सायं 5.30 बजे तक जमा करें अथवा आन लाईन भुगतान आरटीजीएस/एनईएफटी/फण्ड ट्रांसफर के माध्यम से उपरोक्त वर्णित खाते में किया जा सकता है। (5) सफल खरीददार के पक्ष में विक्रय की पुष्टि सिक्योर्ड क्रेडिटर की पुष्टि के अधीन होगी। (6) ऑन लाईन नीलामी में भाग लेने हेतु इच्छुक बोलीकर्ताओं के पास डिजिटल हस्ताक्षर होना आवश्यक है। डिजिटल हस्ताक्षर प्राप्त करने हेतु सर्विस प्रदाता मेसर्स सी-1 इंडिया प्रा.लि., हेल्प लाइन नं. 0120-4888888, श्री दानिश- 08305675610, 9630014580 ई-मेल: support@bankeauctions.com [illegible] www.bankeauctions.com [illegible] Support Landline no. +91-124-4302020/2021/2022/2023, Support Mobile Nos.: +91-7291981124/25/26, Mr. Danish - 08305675610, 9630014580, mpcg@c1india.com; helpline E-mail Id support@bankeauctions.com [illegible]

विवाद की किसी भी स्थिति में अंग्रेजी अखबार 'द पायनियर' दिनांक 28.11.2020 रायपुर संस्करण में प्रकाशित विज्ञापन मान्य होगा।

दिनांक : 27.11.2020 प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

घटिया धान बीज मामला

किसानों ने कलेक्टर से की उपसंचालक की शिकायत

- डाट फटकार कर भगाने का लगाया आरोप
- बीज कंपनी के विरुद्ध भी कार्यवाही की मांग

नवप्रदेश संवाददाता

गरियाबंद। जिले में घटिया धान बीज की शिकायत को लेकर कृषि उपसंचालक ने किसानो को फ्टकार लगाया जाने का मामला गर्मा गया है। इसकी शिकायत किसानो ने लिखित में कलेक्टर से की है। किसानो का स्पष्ट कहना है कि कृषि विभाग किसानो की समस्याओ के लिए जिम्मेदार है लेकिन जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते हुए कृषि उपसंचालक एफ आर कश्यप ने किसानो को बिना समस्या सुने ही डाट फ्टकार लगाकर भगा दिया।

उल्लेखनीय है कि बुधवार गरियाबंद जिले में पदस्थ कृषि विभाग के उप संचालक द्वारा किसानो की समस्या नही सुनने तथा कृषि संबंधी जानकारी का प्रचार प्रसार नही करने की शिकायत किसानो ने की है। शिकायत में कहा गया है कि जिले के अलग अलग क्षेत्र के किसान बायर सीड बायो राइस प्राइवेट कंपनी के खरीदे अराइज एजेड 8433 डीटी किस्म के बीज के खराब गुणवत्ता की शिकायत को लेकर कृषि विभाग पहुचे थे परंतु उपसंचालक ने पहले उनकी बात नही सुनी। लेकिन जब किसानो ने दबाव बनाया तो जांच के लिए राजी हुए और कृषि विभाग केन्द्र गरियाबंद तथा इंदिरा गांधी विश्व विद्यालय रायपुर के कृषि विशेषज्ञ दल से जांच कराई। जांच में बीज के गुणवत्ता में खामिया भी पाई गई। इसका पंचनामा तैयार कर जांच दल ने प्रतिवेदन उपसंचालक कृषि को सौप दिया है। किसान कंपनी के विरूध्द कार्यवाही के लिए प्रतिवेदन की कापी चाहते है परंतु उपसंचालक सुचना अधिकार लगाने की बात कहकर उन्हे लौटा दिया।

140 दिन की बताई थी उम्र

दरअसल खरीफ फ्सल के लिए क्षेत्र के किसानों ने बायर सीड बायो राइस प्राइवेट कंपनी के अराइज किस्त के धान के बीज की बाजार से खरीदी की थी। कंपनी के अपने मोनेचेस्टर में धान की उम्र 140 दिन बताई थी परंतु मात्र 30 से 40 दिनो में ही धान की बाली निकल गई। कंपनी द्वारा दिए गए बीज भी अलग अलग किस्म के धान के थे जिसके चलते एक ही खेत में अलग अलग किस्म में धान की फ्सल निकली। इसकी शिकायत पहले किसानो ने कंपनी के क्षेत्रीय प्रबंधक से की। इसके साथ ही कृषि विभाग के उपसंचालक से मिलकर अपनी शिकायत दर्ज करानी चाही परंतु शिकायत लेके पहुचे किसानो की समस्या सुनने के बजाय उपसंचालक उल्टा उन पर ही बरस पड़े। किसानो को डाट लगाते हुए उन्होने दो टुक कहा कि क्या हमसे पुछ के बीज खरीदी किए थे। किसान अपने साथ हुई धोखाधड़ी को लेकर कंपनी के विरूध्द कार्यवाही चाहते है परंतु अब तक कंपनी के खिलाफकार्यवाही नही हुई है।

कंपनी का कर्मचारी बना रहा समझौता के लिए दबाव

पीड़ित किसानों के मुताबिक जब वे बुधवार को इसकी शिकायत करने पहुचे थे तो इस कंपनी के एक कर्मचारी को इसकी भनक लग गई, किसानो को ही इस मामले को यही रफा दफा करने की बात कहते हुए समझौता कराने में सक्रिय थे। यहां तक कि किसानो से इस प्रतिनिधि की चर्चा हो रही थी उस दौरान भी लगातार किसानो को गुमराह करने का प्रयास करते रहे। कंपनी के कर्मचारी से चर्चा करने की प्रयास किया गया तो वे गोलमोल जवाब देने लग गए कि शिकायत करने से कुछ नही होगा, समझौता करेंगे तो किसानो को लाभ होगा। हमारी बीज कंपनी तो 150 साल पुरानी है, शिकायत से कंपनी का कुछ नही बिगड़ सकता। उनसे जब कंपनी में पद और नाम पुछा गया तो एक सिरे से बताने से इंकार करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने बीज को प्रमाणित किया है, जिले से प्रमाणित करने की जरूरत नही है।

उपसंचालक का डाट फटकार से इनकार

इस संबंध में जब कृषि विभाग के उपसंचालक एफआर कश्यप से चर्चा की गई तो उन्होंने अपना बचाव करते हुए किसानों को डाट फ्टकार लगाने की बात से इनकार कर दिया। कश्यप ने कहा कि किसानों को जो जानकारी चाहिए वह जांच और बयान देने के दौरान ले लेनी चाहिए। सरकारी नियम के तहत अब उन्हे सुचना अधिकार से ही जानकारी मिल सकती है।

48 घंटे बाद भालू के बच्चे की मौत

नवप्रदेश संवाददाता

गरियाबंद। मैनपुर परिक्षेत्र अंतर्गत मंगलवार को ग्राम गिरहोला में जन्मे मादा भालू शावक की दो दिन बाद मौत हो गई। गुरुवार को वन विभाग ने विधिवत मादा शावक का अंतिम संस्कार कर दिया इसके पहले वन वन विभाग ने मादा शावक के जीवन रक्षा के लिए हर संभव प्रयास किया।

जानकारी के मुताबिक मंगलवार को मैनपुर (सामान्य) परिक्षेत्र अधिकारी ग्राम गिरहोला में लोचन पिता थानूराम जाति गोंड के खाली पड़े इंदिरा आवास मकान में मादा भालू ने एक शावक को जन्म दिया था। इसकी सूचना ग्रामीण ने वन विभाग को दी थी। शावक को जन्म देने के बाद मादा भालू जंगल की ओर चली गई थी। लोचन के मकान में कोई भी निवासरत नहीं करता है और दरवाजा भी नही लगा हुआ है। सूचना मिलते ही तत्काल मौके पर पहुचे वन अमले ने मादा भालू के शावक अपनी निगरानी मे ले लिया। बुधवार को मादा भालू के शावक का स्वास्थ्य परीक्षण वन्य जीव विशेषज्ञ डॉक्टर द्वारा किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण में शावक स्वस्थ अवस्था में था। मादा भालू के इंतजार में शावक को उसी मकान यथावत सुरक्षित ढंग से रखा गया। रात्रि को वन्यजीव डॉक्टर की सलाह पर उसे दूध का सेवन कराया गया तथा धान के पैरा और जूट बोरे से उसे गर्म रखने की व्यवस्था की गई । वन अमला लगातार उसकी सुरक्षा पर लगे रहे ताकि मादा भालू शावक को अपने साथ जंगल सुरक्षित ले जाये। 24 घंटे बीतने के बाद भी मादा भालू शावक को लेने नहीं आई जिसके बाद एक रात और देखने के वन विभाग गुरुवार शाम शावक को सुरक्षित ढंग से जंगल सफारी रायपुर ले जाने की तैयारी मे थी परंतु सुबह 4:00 बजे के आसपास शावक की मृत्यु हो गयी थी। जिसके बाद विधिवत शव परीक्षण उपरांत प्रोटोकॉल अनुसार मृत शावक का शवदाह किया गया। विभाग के द्वारा घटना के बाद उक्त क्षेत्र में निरंतर नजर रखी जा रही है। ग्रामीणों से अनुरोध किया गया है कि अकेले जंगल की ओर न जाए और यदि भालू से संबंधित कोई भी जानकारी मिलते ही विभाग को सूचित करें।

आसमान में छाए रहे बादल और चली ठंडी हवा

कवर्धा(नवप्रदेश)। चक्रवात के चलते मौसम में आए परिवर्तन ने लोगों को घर पर ही दुबक के बैठनें मजबूर कर दिया है । वही वनांचल के लोग मौसम परिवर्तन के साथ ही बढ़ते हुए ठंड को लेकर भी अब परेशान नजर आ रहे हैं वनांचल क्षेत्रों में सुबह से लोग अलाव का सहारा लेकर पूरी रात काटने मजबूर हो रहे हैं, तो वही किसी के लिए यह मौसम एक सुहाना नजर आ रहा है। दरअसल कबीरधाम जिले के मिनी कश्मीर के नाम से माने जाने वाले चिल्फी घाटी की ओर भी लोग अपना रुख कर रहे हैं। प्रा.तिक सौंदर्य से भरा पूरा चिल्फी घाटी इन दिनों कोहरे की चादर लपेटे हुए नजर आती है तो पीड़ा घाट का भी मनोरम .श्य लोगों को अपनी और सहजता से आकर्षित कर रहा है । फ्लिहाल अब लोग ठंड से बचने तरह-तरह के उपाय करते भी नजर आ रहे हैं । शहर के आसपास व ग्रामीण क्षेत्र में हल्की बारिश हुई है। इससे मौसम में और ज्यादा ठंडकता आ गई है। दरअसल पुडुचेरी और मरक्कानम के बीच समुद्र तट से टकराए चक्रवात का असर जिले में दिखना शुरू हो गया। आसमान में बादल छाए रहे और ठंडी हवाएं चली रही है । ग्रामीण क्षेत्रो में तो लोग दिन में अलाव तापते दिखाई दे रहे है । हालांकि मौसम विभाग ने तीन-चार दिन बाद बादल छंटने की संभावना जताई है। वही शहर में ठंड के साथ ही गर्म कपड़ों का बाजार भी सज गया है। मौसम में बदलाव के बाद लोगों की भीड़ भी गर्म कपडें लेने उमड़ने लगी है, वहीं दूसरी ओर इस बदलते मौसम का असर फ्सलों पर भी दिखाई दे रहा है। चक्रवात के टकराने के समय हवा की गति 120 से 130 किमी प्रति घंटे रहने की संभावना है। इसके प्रभाव से जिले में कुछ जगहों पर हल्की बारिश हुई है। एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ छीटें भी पड़े हैं। दिन और रात के तापमान में काफी अंतर आ गया है। वहीं मौसम बदलने के साथ ही ठंड से राहत पाने लोग सुबह से चाय दुकानो मे चुस्की लेते नजर आएं। लोग ठंड से बचने अब कई उपाये कर रहै हे।

बारिश के बाद मौसम में देखा जा रहा लगातार परिवर्तन

लवन। अंचल में बीते दिनों से मौसम में बदलाव देखा रहा है, एक सप्ताह पहले ही एक घण्टे की बरसात हुई थी, इसके बाद से लगातार तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। तापमान में गिरावट के कारण से सर्दी में इजाफ हुआ है, शुक्रवार

को लोगों को दिन के समय भी गर्म कपड़े पहने हुए देखा गया। दूसरी ओर बाजार में गर्म कपड़ों की मांग बढ़ गई है। यूं तो नवम्बर महीने में तेज सर्दी नहीं पड़ रही थी, इस कारण से केवल सुबह शांम के समय गुलाबी ठंडक देखी जा रही थी, पर एक सप्ताह से मौसम में बदलाव देखा जा रहा है। इसके बाद से तापमान में कमी आ रही है। इससे दिन के समय भी सर्दी का अहसास हो रहा है, वहीं शांम ढलते ही सड़कों पर सन्नाटे की स्थिति देखी जा रही है। वही पिछले तीन चार दिनों से ठड़ाके की ठंड पड़ रही है। पिछले दिनों से तापमान में काफी गिरावट आई है। इस सर्दी के सीजन में यह अभी तक का सबसे कम तापमान है, इसलिए बीती रात सबसे अधिक ठंडी रात रही। इसके साथ ही दिन के तापमान में गिरावट आने के कारण से दिन में ठिठुरन बनी रही। इससे अब दिन के समय लोगों को गर्म कपड़े पहने हुए देखा जा रहा है। वही बदलते मौसम के कारण से मौसमी बीमारियों भी इजाफ हो रहा है। वही ठंड़ बढ़ने की वजह से गर्म कपड़ों की मांग देखी जा रही है। दुकानों के अलावा फुटपाथों पर भी दुकाने सजने लगी है, इसके साथ ही ग्राहकी की संख्या में अधिक देखी जा रही है।

सीआरपीएफ ने दो बम बरामद किये, मौके पर किया नष्ट

नवप्रदेश संवाददाता

दंतेवाड़ा। दंतेवाड़ा जिले के अरनपुर इलाके में कोंडासावली में

तैनात सीआरपीएफ 231 बटालियन की तैनात बी और सी कम्पनी के जवान रोजाना की तरह ड्यूटी के लिए निकले हुये थे। सड़क सुरक्षा में तैनात जवान जैसे ही बुध्धीपारा के पास पहुंचे ही थे तभी नक्सलियों के लगाये4 4-4 किलो वजन के जिंदा आईईडी बम जवानों के बम निरोधक दस्ते में चल रहे जवानों ने बरामद किया। बरामद दोनों बम को जवानों ने मौके पर ही निष्क्रिय कर नक्सलियों के मंसूबो में पानी फेर दिया।

231 बटालियन सीआरपीएफ के अधिकारी राजीव यादव के दिशानिर्देश में पूरी कार्यवाही को जवानों ने अंजाम दिया। कोंडासावली से जगरगुंडा मार्ग खोलने की कवायद जैसे ही दंतेवाड़ा जिले से तेज की गई है। इस इलाके में नक्सली भी सक्रिय होकर जवानों को नुकसान पहुँचाने की फ़िराक में रहते हैं। लेकिन जवानों की सतर्कता के चलते नक्सलियों को हर बार मात खानी पड़ती है।

हफ्तेभर बाद भी नहीं मिला अपहृत दुधमुंहे बच्चे का सुराग

- ग्राम आलमेर से 36 दिन के अबोध बच्चे के घर के भीतर से अपहरण कर लिए जाने का हैरत अंगेज मामला

कोंडागांव। कोंडागांव जिला के फरसगांव तहसील अंतर्गत पुलिस थाना उरंदाबेडा के ग्राम अलनार से 36 दिन के बच्चे की घर के भीतर से अपहरंण कर लिए जाने का हैरतअंगेज मामला सामने आया है। जिससे पूरे गांव में दहशत व चर्चा का विषय बना हुए है, और आसपास के गांव में भी हड़कंप से मच गया है। फ्लिहाल पुलिस विवेचना कर रही है और जल्द ही दुधमुंहे बच्चे को खोजने में सफ्लता मिलने की बात कही जा रही है।

मिली जानकारी अनुसार 18नवंबर को कोंडागांव अलनार के श्रवंण कुमार नाग की पत्नी रामिका नाग अपने बच्चे को बिस्तर पर सोया हुआ छोडकर सुबह सुबह लगभग 5-6बजे अपने घर का आंगन झाड़ने में लगी हुई थी। और दैनिक दिनचर्या के घरेलू काम निपटा कर जब वह कमरे में आकर बिस्तर को देखी तो वंहा से बच्चा गायब था। जब माता पिता परिवार जन बच्चे का पास पड़ोस में पता साजी करके थक गये, उसके बाद घर से गायब हुए बच्चे के बारे में पुलिस थाना उरंदाबेडा पंहुच कर रिपोर्ट दर्ज कराया गया। पतासाजी से अभी तक महज इतनी ही जानकारी मिल पायी है, कि कोई महिला बच्चे को लेकर गयी है। जिसकी पहचान अभी तक नहीं हो पाई है।

पुलिस थाना उरंदाबेडा में 18नवंबर को ही अपराध क्र.8/20 दर्ज कर भा.दं.संहिता की धारा 363 के तहत अपराध कायम करके पतासाजी आरंभ कर दिया गया है। बताया जाता है लापता बच्चे के माता-पिता की बजाय बच्चे के चाचा पीलाराम नाग के द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। एक सप्ताह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी बच्चे का पता न लग पाने से उसके माता पिता एवं परिवार जन का दुख एवं चिंता में बुरा हाल हुए जा रहा है ।

> उरंदाबेडा थाना अंतर्गत हुई घटना बहुत ही ज्यादा संवेदनशील है, और उसकी बारीकी से छानबीन की जा रही है। जिसके लिए विशेष टीम का भी गठन किया गया है। जल्द ही इस केश भी सॉल्व कर लिया जाएगा। अपहरण से संबंधित सभी पहलुओं की अलग अलग एंगल से जांच की जा रही है।
>
> **सिद्धार्थ तिवारी,** पुलिस अधीक्षक

साइबर क्राइम रोकने पुलिस महकमे के लिए आदर्श बने गुंडरदेही थाना प्रभारी

गुंडरदेही । गुंडरदेही थाना प्रभारी रोहित मालेकर अब पूरे पुलिस महकमे के लिए एक आइडल बन कर उभरे हैं। बता दें कि थाना प्रभारी रोहित मालेकर जो कि पिछले कुछ वर्षो से लगातार सोशल मीडिया के माध्यम से साइबर क्राइम के खिलाफ एक मुहिम छेड़ते हुए जनजागरूकता अभियान चला रहे हैं और रोजाना आम लोगो तक साइबर क्राइम से बचने नए नए सुझाव वाले मैसेजेस भेजते हैं। थाना प्रभारी के इस सक्रियता को देखते हुए छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग के एसडीजी आर के विज ने थाना प्रभारी के कार्यो की प्रशंसा करते हुए पूरे प्रदेश के सभी पुलिस अधीक्षक को पत्र जारी कर रोहित मालेकर की तरह साइबर जागरूकता अभियान के लिए सक्रिय पुलीस अधिकारियों की नियुक्ति करने को निर्देश जारी किया है। और इस अभियान को जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर तक चलाने की बात कही जा रही है

विज के कार्यालय से जारी पत्र मे छत्तीसगढ़ के सभी पुलिस अधीक्षक को जारी पत्र में लिखा है कि प्रदेश में बढ़ते हुये साइबर अपराध की रोकथाम हेतु स्कूल/कालेज के छात्र महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। अतः साइबर अपराधों के प्रति समाज में व्यापक सजगता लाने हेतु छात्रों को इस विषय में जागरूक करना वांछनीय है इस संबंध में निम्नलिखित दिशानिर्देश दिये जाते हैं

जिले में ऐसे निरीक्षक /उपनिरीक्षक जो साइबर के क्षेत्र में कार्यरत रहें हो एवं साइबर अपराध की रोकथाम हेतु स्वरूचि से आग आए हो, को ÷साइबर लीड अधिकारी÷ के रूप में नियुक्त किया जाये। कुछ निरीक्षक / उपनिरीक्षक इस दिशा में उल्लेखनीय कार्य कर रहे है जैसे -जिला बालोद में निरीक्षक रोहित मालेकर । ऐसे पुलिसकर्मियो की पहचान कर उन्हें साइबर लीड अधिकारी के रूप में नियुक्त किया जाए वसे कार्या लय को सूचित किया जाये।